मार्गशीर्ष शुक्ल - 3 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 140 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » शुक्रवार » 15-12-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित

5 भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी ही 'मोदी की गारंटी' है : योगी
6 मंदिर निर्माण से अयोध्या की अर्थव्यवस्था को लगेंगे पंख
7 'राक्षस राजा' के अवतार में दिखे राणा दग्गुबाती

फर्स्ट टेक

कीव पर रूसी मिसाइल हमला, 53 घायल

कीव/वार्ता। यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूसी मिसाइलों द्वारा किए गए हमलों में बुधवार को कई लोग घायल हो गए और बच्चों का एक अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गया, जो पिछले कुछ महीनों में कीव पर किय गया सबसे बड़ा हमला है। यह जानकारी डॉन समाचारपत्र ने यूक्रेनी अधिकारियों के हवाले से गुरुवार को दी। राजधानी में सुबह होने से पहले कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई और उसके तुरंत बाद हवाई हमले के सायरन बजने लगे। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि उसने शहर को निशाना बनाकर दागी गई सभी 10 मिसाइलों को मार गिराया गया और स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि दो बच्चों सहित 53 लोग घायल हुए हैं।

इजरायल ने वेस्ट बैंक पर किया हमला, दो की मौत

गाजा/वार्ता। इजरायल ने वेस्ट बैंक के जेनिन शहर पर ड्रोन हमले किए, जिसमें फिलिस्तीन के करीब दो लोगों की मौत हो गयी और 10 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीन न्यूज एजेंसी वफा ने गुरुवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि मारे गए लोगों में एक नाबालिग भी शामिल है, जबकि घायलों में से तीन लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। द टाइम्स ऑफ इज़राइल अखबार ने बताया कि इजरायली सेना जेनिन शरणार्थी शिविर में बड़े पैमाने पर ऑपरेशन कर रही है, जिसमें इजरायली बलों ने लगभग 400 इमारतों को स्कैन किया, सैकड़ों फिलिस्तीनियों को हिरासत में लिया, साथ ही हथियार और अन्य उपकरण भी जब्त किए। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने गाजा पट्टी से इज़रायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, जिसमें 1,200 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया।

फर्जी रोजगार प्रस्तावों के झांसे में न आएं : विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली/भाषा। विदेश में रोजगार की तलाश कर रहे भारतीयों को सतर्क रहना चाहिए और नौकरी के फर्जी प्रस्तावों के झांसे में नहीं आना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने लोगों से बृहस्पतिवार को यह अपील की। मंत्रालय ने रोजगार की तलाश कर रहे लोगों से पंजीकृत भर्ती एजेंट की सुरक्षित और कानूनी सेवाओं का उपयोग करने का भी आग्रह किया। विदेश मंत्रालय ने एक परामर्श जारी कर विदेशों में नौकरियां देने का वादा करने वाली सभी अपंजीकृत एजेंसियों को विदेशी भर्ती में शामिल न होने की चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां उत्प्रवास अधिनियम 1983 का उल्लंघन हैं और मानव तस्करी के समान हैं, जो एक दंडनीय अपराध है।

सूर्यास्त	सूर्योदय
15-12-2023 5:55 बजे	16-12-2023 6:34 बजे

BSE	NSE
70,514.20 (+929.60)	21,182.70 (+256.35)

सोना	चांदी
6,565 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम	79,730 रु. प्रति किलो

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com

कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

चुनाव के बाद

लग गए जुगाड़ सेटिंग में,
बदले बदले सबके बयान।
रस लगा टपकने शब्दों में,
हो गई पलट कड़वी जुबान।
कुछ समीकरण में उलझ गए,
कुछ करने लग गए भजन ध्यान।
जिनको पद की कुछ आस बँधी
कर आए जैसे गंग स्नान।।

संसद की सुरक्षा में चूक मामले में

चार आरोपियों के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में आतंकवाद निरोधक कानून (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं, घटना के मुख्य साजिशकर्ता माने जा रहे ललित झा को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

यूएपीए के तहत दर्ज मामले गैर ज़मानती होते हैं। एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों को अब तक किसी भी आतंकी समूह के साथ आरोपियों के संबंध नहीं मिले हैं।

मुख्य साजिशकर्ता की तलाश जारी

सूत्रों ने कहा कि जांच के दौरान दो और लोगों की भूमिका भी सामने आई है तथा सभी आरोपियों ने सुनियोजित साजिश के तहत सबकुछ किया।

विशाल शर्मा उर्फ विक्की अब भी हिरासत में है। आरोपी संसद पहुंचने से पहले गुरुग्राम में उसके घर पर ही रुके थे। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों-सागर शर्मा (26), मनोरंजन डी (34), अमोल शिंदे (25) और नीलम देवी (37) की चिकित्सीय जांच आधी रात को राम मनोहर लोहिया अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम ने की।

दोनों सदनों में हंगामा, 14 सांसद किए गए निलंबित

नई दिल्ली/भाषा। संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे को लेकर विपक्षी सदस्यों ने बृहस्पतिवार को दोनों सदनों में हंगामा किया और इस दौरान 'अशोभनीय आचरण' तथा आसन की अवमानना को लेकर विपक्षी दलों के कुल 14 सदस्यों को मौजूदा संसद सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित किए गए सांसदों में लोकसभा के 13 सदस्य शामिल हैं। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन को निलंबित किया गया है। लोकसभा में पहले कुल 14 सांसदों के निलंबन का प्रस्ताव पारित हुआ था, हालांकि बाद में सरकार ने द्रमुक सांसद एस आर पार्थिबन के निलंबन को वापस ले लिया, जो सदन में उपस्थित नहीं थे। उनका नाम त्रुटिवश निलंबित किए जाने वाले सदस्यों की सूची में शामिल हो गया था।

संसद के भीतर और बाहर सुरक्षा कड़ी की गई

नई दिल्ली/भाषा। सुरक्षा में सुरक्षा चूक की घटना के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को संसद भवन के अंदर और उसके आसपास सुरक्षा के कड़े कदम उठाए गए और पुलिस तथा संसद सुरक्षा कर्मचारियों ने परिसर में प्रवेश करने वालों की गहन जांच की। संसद परिसर से कुछ ही मीटर की दूरी पर परिवहन भवन के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने किसी को भी बैरिकेड से आगे जाने की इजाजत तब तक नहीं दी, जब तक कि उन्होंने उनके पहचान पत्र की जांच नहीं कर ली। कड़ी सुरक्षा के बीच गुजरात के आदिवासी क्षेत्र डांग से आए विद्यार्थियों के एक बड़े समूह ने संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। कृषि भवन के पास तैनात सुरक्षा कर्मियों ने दो पहिया सवारों को रोका और उनके पहचान पत्र आदि देखने के बाद ही उन्हें जाने दिया।

जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा भी भारत के लिए जरूरी : राष्ट्रपति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता निश्चित रूप से कम हो रही है, लेकिन ये अब भी भारत के लिए जरूरी हैं।

मुर्मू ने यहां राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2023 समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने हमेशा स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक जिम्मेदार देश की भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, ''हम समय-समय पर यह भी स्पष्ट करते रहे हैं कि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता निश्चित रूप से कम हो रही है, लेकिन जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा भी हमारे देश में आवश्यक है।'' उन्होंने कहा कि भारत स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा दे रहा है, ताकि कोयला निकालने और उपयोग की प्रक्रिया अधिक कुशल और पर्यावरण के अनुकूल बन सके।

राष्ट्रपति ने कहा कि यह पर्यावरण को लेकर हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है कि भारत दस साल की अवधि में जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक की रैंकिंग में 30वें से 7वें स्थान पर आ गया है। उन्होंने कहा कि सभी का स्वास्थ्य और खुशहाली प्रकृति के संरक्षण में निहित है।

कर्नाटक सरकार कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए नई नीति बनाएगी, टास्क फोर्स गठित करेगी

बेलागवी (कर्नाटक)/भाषा। कर्नाटक सरकार कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए संबंधित कानूनों में संशोधन करने, एक नई नीति बनाने और राज्य स्तरीय टास्क फोर्स का गठन करने समेत विभिन्न उपाय कर रही है। प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। राव ने कहा कि सरकार समाज में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ लोगों में, ऐसे जघन्य कृत्यों में शामिल होने के खिलाफ कानून का डर भी पैदा करना चाहती है।

राव ने कहा, ऐसी घटनाओं की जांच के लिए सीआईडी जांच के आदेश पहले ही दिये जा चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। मंत्री ने हालांकि, स्वीकार किया कि गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व परीक्षण तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम का अप्रभावी कार्यान्वयन कन्या भ्रूण हत्या के मामलों को पूरी तरह से रोकने और भारत में गिरते लिंगानुपात को रोकने में आड़े आ रहा है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के भविष्य को आकार देने में अहम भूमिका निभाएगा भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/वार्ता। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिक, जल शक्ति और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने गुरुवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के भविष्य को आकार देने में भारत अहम भूमिका निभाएगा।

चन्द्रशेखर यहां भारत मंडपम में आयोजित तीन दिवसीय ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन के समापन पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में शामिल हुए सभी 29 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने एआई के लिए भविष्य को निर्धारित करने के लिए साथ मिलकर

काम करने पर अपनी समहति जताई।

राज्यमंत्री ने कहा, ''हमने स्वास्थ्य और कृषि के लिए एक साथ मिलकर अद्यतन एवं उन्नत एवं सहयोगपूर्ण प्लेटफॉर्म बनाने का निर्णय लिया है, जिससे दुनियाभर के लोगों को लाभ मिल सकें और सबसे महत्वपूर्ण बात जो कल तय हुई वह यह है कि एआई का भविष्य समावेशी होना चाहिए। इसे सिर्फ एक या दो देशों पर नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें इसमें ग्लोबल साउथ (दक्षिणी गोलार्ध की विकासशील अर्थव्यवस्थाओं) के देशों को भी शामिल करना चाहिए। आप एक्सपो में देख सकते हैं, भारत से सैकड़ों स्टार्टअप हैं जो पहले से ही दुनिया को यह बता रहा है कि भारतीय एआई कितना परिपक्व है। एआई के भविष्य को आकार देने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।''



अब चंद्रमा की सतह से चट्टानी पत्थर लाने का लक्ष्य : इसरो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता से उत्साहित इसरो के प्रमुख एस. सोमनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि चंद्रमा में दिलचस्पी अभी खत्म नहीं हुई है और अंतरिक्ष एजेंसी अब उसकी सतह से कुछ चट्टानी पत्थर लाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

सोमनाथ ने यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र (आरबीसीसी) में राष्ट्रपति भवन विमर्श शृंखला पर अपने व्याख्यान में चंद्रमा से चट्टानी पत्थर लाने के मिशन का विवरण साझा किया।

सोमनाथ ने कहा, चंद्रमा को लेकर हमारी दिलचस्पी अभी खत्म नहीं हुई है। मैं राष्ट्रपति जी को आश्वासन देता हूं कि हम चंद्रमा से कुछ चट्टानी पत्थर लाएंगे। सोमनाथ ने कहा कि नमूने लाने का मिशन बहुत जटिल है और सब कुछ स्वायत्त रूप से किया जाना है । दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उन्होंने कहा, इसलिए हम फिलहाल इस तरह के मिशन पर काम कर रहे हैं और हम इसे अगले चार साल में पूरा करना चाहेंगे। यही हमारा लक्ष्य है।

अपनी लगभग 40 मिनट की बातचीत के दौरान, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख ने कहा कि एक भारतीय को अंतरिक्ष में भेजने का मिशन जारी है।

लंबित मुकदमों को पक्षकारों की ओर से की गयी टिप्पणियों से छूट प्राप्त है : उच्च न्यायालय

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कहा है कि कोई बयान सही है या मानहानि वाला, इसका पता मुकदमे के निस्तारण के बाद ही चलेगा और लंबित मुकदमों को पक्षकारों द्वारा की गयी टिप्पणियों से छूट प्राप्त है। अदालत ने 'बिहार सरकार बनाम कृपालु शंकर' मामले में उच्चतम न्यायालय की ओर से दिये गये आदेश के आधार पर यह फैसला दिया और एक मामले की सुनवाई के दौरान दिए गए बयान के मानहानिकारक होने का आरोप लगाने वाले एक आपराधिक मुकदमे का निस्तारण कर दिया।

कलव्वा नामक महिला ने यलप्पा और मनोज कुमार नामक व्यक्तियों के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि उन्होंने अदालत की सुनवाई के दौरान उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की थी। दोनों आरोपियों ने इस आपराधिक मुकदमे को रद्द करने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। कलव्वा और उनकी बहनों ने 2016 में उनके पिता हुचप्पा लक्कनवार द्वारा मनोज कुमार नामक व्यक्ति के पक्ष किए गए 23 एकड़ जमीन के बिक्री विलेख (सेल डीड) को रद्द करने का अनुरोध करते हुए एक मुकदमा दायर किया था। महिला ने आरोप लगाया कि लिखित बयान और साक्ष्य हलफनामे में मनोज कुमार और यलप्पा ने अपमाजनक आरोप लगाए जो भारतीय दंड संहिता की धारा 500 के तहत दंडनीय अपराध है।

सहायता प्राप्त स्कूलों के कर्मचारियों के लिए 'ज्योति संजीविनी' के विस्तार पर समीक्षा : सिद्दरामैया

ज्योति संजीवनी योजना को अनुदानित कर्मचारियों तक विस्तारित करने का प्रस्ताव सरकार के समक्ष नहीं है और राज्य की वित्तीय स्थिति को देखने के बाद की जाएगी समीक्षा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सुवर्ण विधान सौधा/बेलगावी। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि राज्य की वित्तीय स्थिति को देखने के बाद राज्य में सहायता प्राप्त स्कूलों के कर्मचारियों के लिए ज्येति संजीविनी योजना के विस्तार की समीक्षा की जाएगी।

उन्होंने गुरुवार को विधान परिषद में सदस्य हेमलता नाइक के ध्यानाकर्षण सवाल का जवाब दिया। सुवर्णा आरोग्य सुरक्षा ट्रस्ट की ओर से ज्योति ने सरकारी कर्मचारियों और उनके आश्रितों को हृदय रोग, कैंसर, न्यूरोपैथी, किडनी और मूत्र रोग, नवजात शिशु, शिशु रोग, जलन और दुर्घटनाए जैसी सात विशेष रूप से पहचानी जाने वाली जानलेवा बीमारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए नेटवर्क अस्पतालों के साथ एक समझौता किया है।

यह योजना केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए बनाई गई है। कोई भी सब्सिडी प्राप्त कर्मचारी इस योजना के अंतर्गत शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि ज्योति संजीवनी योजना को अनुदानित कर्मचारियों तक विस्तारित करने का प्रस्ताव सरकार के समक्ष नहीं है और राज्य की वित्तीय स्थिति को देखने के बाद इस मामले की समीक्षा की जाएगी। प्रदेश के 2686 प्राइमरी, 3756 हाईस्कूल और 821 प्री-डिग्री कॉलेजों में क्रमश: 11677, 24383 और 5848 कर्मचारी कार्यरत हैं।

गोपाल भार्गव मप्र विधानसभा के अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त

भोपाल/भाषा। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सबसे वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव को नवगठित विधानसभा का स्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) नियुक्त किया। पटेल ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री मोहन यादव और अन्य लोगों की उपस्थिति में भार्गव को पद की शपथ दिलाई। पिछले माह हुए विधानसभा चुनावों में, भार्गव (71) ने लगातार नौवीं बार सागर जिले के अपने क्षेत्र रहली से जीत हासिल की। 'प्रोटेम स्पीकर' एक अस्थायी अध्यक्ष होता है जिसे नियमित अध्यक्ष की अनुपस्थिति में सदन की कार्यवाही संचालित करने के लिए सीमित समय के लिए नियुक्त किया जाता है। आमतौर पर सदन के सबसे वरिष्ठ सदस्य को 'प्रोटेम स्पीकर' बनाया जाता है।

कांग्रेस नेता गद्दाम प्रसाद तेलंगाना के विधानसभा अध्यक्ष चुने गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद/भाषा। तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस के विधायक गद्दाम प्रसाद कुमार को सर्वसम्मति से विधानसभा का नया अध्यक्ष चुना गया। विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर (अस्थायी अध्यक्ष) अकबरुद्दीन ओवैसी ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की।

ओवैसी ने कुमार को बधाई देते हुए घोषणा की, ''...श्री गद्दाम प्रसाद कुमार को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए चुना गया है। उनकी इस घोषणा के बाद, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क तथा भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधायक केटी रामा राव कुमार को अध्यक्ष की कुर्सी तक ले गए। सदन में मौजूद सभी सदस्य आसन के पास गये और नये विधानसभा अध्यक्ष को बधाई दी। कुमार के कार्यभार संभालने के बाद रेवंत रेड्डी ने उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करने के लिए सभी दलों को धन्यवाद दिया। (भाजपा) को छोड़कर अन्य सभी दलों - बीआरएस, एआईएमआईएम और भाकपा ने कुमार की उम्मीदवारी का समर्थन किया। विकाराबाद (सुरक्षित) से विधायक प्रसाद कुमार ने अविभाजित आंध्र प्रदेश में कांग्रेस सरकार में मंत्री के रूप में कार्य किया था। इस बीच, ओवैसी ने आज मंत्री के वेंकट रेड्डी और एन उत्तम कुमार रेड्डी सहित कुछ नवनिर्वाचित विधायकों को पद की शपथ दिलाई। हालांकि, भाजपा विधायक सदन में नहीं आए और उन्होंने आरोप लगाया कि ओवैसी की नियुक्ति नियमों का उल्लंघन कर की गई है। हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने 64 सीटें जीतीं।

वैश्विक कपड़ा, परिधान मूल्य श्रृंखला के लिए अग्रणी गंतव्य के रूप में उभर सकता है भारत : मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय कपड़ा राज्यमंत्री दर्शना विक्रम जरदोश ने बृहस्पतिवार को कहा कि वैश्विक कपड़ा और परिधान मूल्य श्रृंखला के लिए अग्रणी गंतव्य बनने के लिए भारत के पास कच्चे माल की उपलब्धता, भारी संख्या में श्रमबल और अच्छी तरह से स्थापित उद्योग जैसे अद्वितीय लाभ हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि वैश्विक कपड़ा और परिधान व्यापार पिछले दशक में सामाजिक और भौगोलिक कारकों के कारण विभिन्न उतार-चढ़ाव से गुजरा है।

कपड़ा राज्यमंत्री ने कपड़े पर सीआईआई के सम्मेलन में कहा, ''कच्चे माल की उपलब्धता, विशाल श्रमिक बल, परिपक्व और अच्छी तरह से स्थापित कपड़ा और परिधान उद्योग और मजबूत घरेलू बाजार के कारण भारत को अद्वितीय फायदे हैं।'' उन्होंने कहा, ''ये अद्वितीय फायदे भारत को वैश्विक कपड़ा और परिधान मूल्य श्रृंखला के लिए अग्रणी गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मदद कर सकते हैं। भारत के पास 40-50 लाख नौकरियां पैदा करने वाले वैश्विक व्यापार के 15 प्रतिशत से अधिक पर कब्जा करने का अवसर है जो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद करेगा।''

भारत में कपड़ा और परिधान उद्योग कृषि के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता है, जो 4.5 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार और 10 करोड़ लोगों को संबद्ध उद्योगों में रोजगार प्रदान करता है।

भारत में घरेलू परिधान और कपड़ा उद्योग देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 2.3 प्रतिशत, औद्योगिक उत्पादन में 13 प्रतिशत और निर्यात में 12 प्रतिशत का योगदान देता है। कपड़ा और परिधान के वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी चार प्रतिशत है।

'11 करोड़ महिलाएं पीने का पानी ढोने के अभिशाप से मुक्ति मिली'

नई दिल्ली/भाषा। सरकार ने बृहस्पतिवार को लोकसभा को सूचित किया कि उसने 72 प्रतिशत घरों में पीने का स्वच्छ पानी पहुंचाने का लक्ष्य हासिल कर लिया है और इस प्रकार अभी तक करीब 11 करोड़ महिलाओं को पीने का पानी ढोने के अभिशाप से मुक्ति मिली है।

जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले केवल 16 प्रतिशत घरों तक ही पीने का पानी पहुंच रहा था, लेकिन पिछले चार साल में 72 प्रतिशत घरों तक इसे पहुंचाने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप देश में करीब 11 करोड़ महिलाओं को पीने का पानी ढोने के अभिशाप से मुक्ति मिल पाई है। उन्होंने कहा कि झारखंड सहित कुछ राज्य ऐसे हैं जहां संबंधित योजना में गति लाने की आवश्यकता है। झारखंड में नल-जल योजना में घोटाले के भारतीय

जनता पार्टी सांसद संजय सेठ के आरोपों पर शेखावत ने कहा कि यदि वह कोई विशेष मामले का जिक्र कर रहे हैं तो सरकार कानून के दायरे में जांच करा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर तक पानी पहुंचे, इस संकल्प के साथ सरकार आगे बढ रही है। उन्होंने कहा कि माताओं-बहनों को पीने का पानी ढोने के अभिशाप से मुक्ति मिले, इस संकल्प के साथ योजना प्रारंभ की गयी थी, उसके व्यापक परिणाम आज दिखाई देने लगे हैं।

नए तालुक केंद्रों में अस्पतालों के उन्नयन का प्रस्ताव : मंत्री दिनेश गुंडूराव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सुवर्ण विधान सौधा/बेलगावी। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री दिनेश गुंडुराव ने कहा कि राज्य में घोषित नए तालुक केंद्रों के अस्पतालों को अपग्रेड करने के लिए मुख्यमंत्री को एक प्रस्ताव सौंपा जाएगा। गुरुवार को बेलगाम शीतकालीन सत्र में विधानमंडल के प्रश्नोत्तरी सत्र के दौरान उन्होंने विधायकों के सवालों का जवाब दिया। नए घोषित तालुक केंद्रों के अधिकांश अस्पतालों को तालुक अस्पतालों में अपग्रेड नहीं किया गया है। इसके साथ ही राज्य के 160 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड होने के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि विधायकों की मांग के अनुरूप वित्तीय उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से उन्नयन कार्य किया जाएगा।

देवदुर्गा शहर में मातृ एवं शिशु अस्पताल : विधायक के.करेम्मा के अनुरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए, स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडुराव ने अगले साल के बजट में देवदुर्गा शहर में एक नए मातृ एवं शिशु अस्पताल के निर्माण के लिए धन उपलब्ध कराने का वादा किया। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड करने पर भी सहमति जताई। इस बीच, मंत्री दिनेश गुंडुराव ने तीर्थहल्ली विधायक अरागा ज्ञानेंद्र के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि तीर्थहल्ली सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल के निर्माण के लिए 35 लाख का अनुदान पहले ही जारी

आईपी के डिजाइन, निर्माण पर ध्यान देने से 'उत्पाद' राष्ट्र के रूप में भारत का उदय होगा: आईटी सचिव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। आईपी के डिजाइन और निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने से एक 'उत्पाद' राष्ट्र के रूप में भारत का उदय होगा। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सचिव एस कृष्णन ने बृहस्पतिवार को यह जानकरी दी। उन्होंने देश में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद डिजाइनरों से उत्पादों को डिजाइन करने में समावेशिता, सौंदर्यशास्त्र और उपयोगकर्ता अनुभव जैसे पहलुओं को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया।

कृष्णन ने सीआईआई और विश्व डिजाइन संगठन द्वारा आयोजित '23वें भारत डिजाइन शिखर सम्मेलन और पुरस्कार कार्यक्रम' को संबोधित करते हुए कहा कि डिजाइन तत्व उत्पादों में पर्याप्त मूल्य जोड़ते हैं, खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स और डिजिटल क्षेत्र में। उन्होंने डिजिटल युग में डिजाइन तत्व का महत्व समझाते हुए कहा कि 1,000 अमेरिकी डॉलर के आईफोन के लिए वेंडरों को लगभग 250 अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया जाता है, जबकि डिजाइनरों को पर्याप्त राशि मिलती है। भारत में एप्पल विनिर्माण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि कम से कम 20-25 प्रतिशत एप्पल आईफोन भारत में बने।

अडाणी समूह का नकदी भंडार 13.7% बढ़कर 45,895 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली/भाषा। अडाणी समूह की कंपनियों के पास नकदी चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 13.7 प्रतिशत बढ़कर 45,895 करोड़ रुपये रही। कारोबार में कमाई बढ़ने तथा कर्ज लगभग अपरिवर्तित रहने से कंपनियों के पास नकदी बढ़ी है।

समूह ने कर्ज की स्थिति पर छमाही प्रदर्शन रिपोर्ट में कहा कि इस वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर में कर पूर्व आय बढ़कर 71,253 करोड़ रुपये हो गयी, जो एक साल पहले 57,219 करोड़ रुपये थी। सकल संपत्तियां छह प्रतिशत बढ़कर लगभग 4.5 लाख करोड़ रुपये हो गईं। वहीं सकल कर्ज 2.26 लाख करोड़ रुपये पर अपरिवर्तित रहा। हालांकि, नकदी की स्थिति को देखते हुए शुद्ध रूप से कर्ज इस साल अप्रैल-सितंबर के दौरान 1.80 लाख करोड़ रुपये रहा। यह 2022 में अप्रैल-सितंबर के दौरान 1.87 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 3.6 प्रतिशत कम है।

पुरानी पेंशन योजना पर फैसला बजट सत्र से पहले : अजित पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नागपुर/भाषा। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल करने की मांग कर रहे सरकारी कर्मचारियों को आश्वासन दिया है कि आगामी बजट सत्र से पहले इस बारे में निर्णय ले लिया जाएगा। राज्य विधानसभा का बजट सत्र सामान्य तौर पर हर साल फरवरी-मार्च में होता है।

नागपुर में विधान भवन परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में पवार ने ओपीएस की मांग कर रहे सरकारी कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से हुई बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मांग पर विचार करने के लिए गठित समिति की रिपोर्ट मिल गई है। महाराष्ट्र में अनेक सरकारी और अर्द्ध-सरकारी कर्मचारी ओपीएस को बहाल करने की मांग कर रहे हैं, जिसे राज्य में 2005 में बंद कर दिया गया था। ओपीएस के तहत सरकारी कर्मचारी को उसके अंतिम वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर मासिक पेंशन मिलती थी। तब इसमें कर्मचारियों की ओर से अंशदान की जरूरत नहीं होती थी।

नई पेंशन योजना के तहत राज्य सरकार के कर्मचारी अपने मूल वेतन और महंगाई भत्ते के 10 प्रतिशत का अंशदान देते हैं और इतनी ही हिस्सेदारी सरकार की ओर से होती है। इस धन का निवेश पेंशन निधि नियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत अनेक पेंशन फंड में किया जाता है और यह धन बाजार से जुड़ा होता है। पवार ने कहा कि वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी कर्मचारी नेताओं से बात करेंगे।

विधानसभा : विधेयकों को मंजूरी, विधेयकों पर होनी है विधान परिषद में बहस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सुवर्ण विधान सौधा/बेलगावी। कानून, संसदीय कार्य और विधायी गठन और पर्यटन मंत्री एच.के. पाटिल द्वारा पेश किए गए कर्नाटक सार्वजनिक खरीद पारदर्शिता (दूसरा संशोधन) विधेयक 2023 और कर्नाटक वकीलों के खिलाफ हिंसा निषेध विधेयक 2023 को मंजूरी दे दी गई।

परिवहन और मुजराई मंत्री रामलिंगारेड्डी द्वारा पेश किया गया कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 2023 पारित हो गया। इन विधेयकों पर विधान परिषद में बहस होनी है।

जब्ती के 75 लाख रुपये के दुरुपयोग के आरोप में पुलिसकर्मी निलंबित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक पुलिस विभाग ने गुरुवार को चोरी के एक मामले में बरामद की गई 75 लाख रुपये की धनराशि का दुरुपयोग करने के आरोप में बिदादी थाने से जुड़े पुलिस इंस्पेक्टर शंकर नायक को निलंबित कर दिया। निलंबन आदेश आईजीपी (सेंट्रल रेंज) रविकांत गौड़ा द्वारा जारी किया गया है। आरोपी के खिलाफ बेंगलूरु के बैयतारायणपुरा थाने में बरामद पैसे के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद आरोपी इंस्पेक्टर शंकर ने कोर्ट से स्टे ऑर्डर ले लिया था।

शंकर 2022 में जब बैयतारायणपुरा थाने में एक निरीक्षक के रूप में कार्यरत था, तब चोरी के एक मामले में बरामद 75 लाख रुपये के दुरुपयोग के आरोप लगे। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस आयुक्त ने मामले को केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) को स्थानांतरित कर दिया था और विभागीय जांच शुरू की गई थी। आरोपी इंस्पेक्टर पर आरोप सिद्ध होने पर निलंबन आदेश जारी कर दिया गया। सीसीबी पुलिस की विशेष शाखा ने मामले के सिलसिले में बिचौलिए लोकनाथ को गिरफ्तार किया है। यह मामला राज्य के विधानसभा सत्र में भी उठा और इस पर चर्चा भी हुई।

सुबीर बख्शी ने फोनपे से दिया इस्तीफा, पॉकेट एफएम से जुड़े

नई दिल्ली/भाषा। फिनटेक कंपनी फोनपे के 'टैलेंट हेड' सुबीर बख्शी ने इस्तीफा दे दिया है। वह स्टार्टअप पॉकेट एफएम से जुड़ गए हैं। पॉकेट एफएम की ओर से जारी बयान के अनुसार, बख्शी पॉकेट एफएम के 'पीपल एंड कल्चर' शाखा के प्रमुख होंगे। स्टार्टअप के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोहन नायक ने कहा कि सुबीर का व्यापक अनुभव कंपनी की नेतृत्व टीम के लिए मूल्यवान साबित होगा।

बख्शी फरवरी 2022 से वॉलमार्ट समूह की कंपनी फोनपे के 'टैलेंट हेड' थे। बख्शी ने कहा कि वह पॉकेट एफएम के साथ जुड़कर उत्साहित हैं जिसका वैश्विक स्तर पर विस्तार हो रहा है।

कश्मीर घाटी में शीत लहर का प्रकोप जारी, जलस्रोत जमे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

श्रीनगर/भाषा। कश्मीर में शीत लहर के प्रभाव ने ठिठुरन बढ़ा दी और श्रीनगर शहर में इस मौसम में सबसे ठंडी रात रही, जबकि घाटी में न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से कई डिग्री नीचे दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर शहर में बुधवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछली रात के तापमान शून्य से नीचे 5.3 डिग्री सेल्सियस से भी कम रहा। अधिकारियों ने बताया कि शहर में यह इस मौसम का सबसे कम तापमान रहा। उन्होंने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि बारामूला जिले के प्रसिद्ध रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 3.8, कोकेरनाग शहर में शून्य से नीचे 1.6 और कुपवाड़ा में शून्य से नीचे 4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। घाटी में तेज शीत लहर के कारण कई जलाशय जम गए हैं, और कई क्षेत्रों में जलापूर्ति करने वाले पाइप में भी पानी जम गया है। मौसम कार्यालय ने कहा कि 15 दिसंबर तक मुख्य रूप से मौसम शुष्क रहेगा लेकिन सप्ताहांत में हल्की बारिश हो सकती है।

कूड़ेदान में कन्या भ्रूण मिलने के बाद कर्नाटक का अस्पताल सील, चार कर्मचारी हिरासत में

बेंगलूरु। बेंगलूरु ग्रामीण जिले के एक निजी अस्पताल के परिसर में रखे कूड़ेदान में एक कन्या भ्रूण पाए जाने के बाद उसे सील कर दिया गया और उसके चार कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जिले के होसकोटे तालुक के तिरुमालाशेट्टीहल्ली स्थित अस्पताल में हुई घटना के बाद पुलिस ने उस चिकित्सक के खिलाफ मामला दर्ज किया है जो अस्पताल के मालिक भी हैं। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों में महिला नर्सें भी शामिल हैं जिनका नाम प्राथमिकी में है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारियों की एक टीम ने बुधवार को अपने नियमित निरीक्षण के तहत अस्पताल का दौरा किया और इसी दौरान उन्हें कन्या भ्रूण मिला। निरीक्षण के दौरान उन्हें ऑपरेशन थियेटर में एक महिला भी लेटी हुई मिली और उन्हें संदेह हुआ कि कूड़ेदान में फेंका गया भ्रूण उसी का है। हालांकि, अधिकारी ने कहा, जांच जारी है और अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि फेंका गया भ्रूण उसका था, या किसी और का। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य अधिकारियों ने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने अस्पताल को सील कर दिया। राज्य के स्वास्थ्य आयुक्त रणदीप डी ने कहा कि यह कर्नाटक में अवैध गर्भपात के माध्यम से कन्या भ्रूण हत्या का पहला मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य अधिकारियों के निरीक्षण, प्राप्त साक्ष्य और उचित रिकॉर्ड नहीं होने के कारण अस्पताल को सील कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों के बयान और शिकायत के आधार पर, हमने लिंग चयन निषेध अधिनियम, चिकित्सकीय गर्भपात अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 312, 314 तथा 315 के तहत अस्पताल के मालिक और कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से अस्पताल का मालिक फरार है और उसका पता लगाने के लिए टीमें गठित की गई हैं।

कर्नाटक को देश का सबसे बड़ा अनाज उत्पादक राज्य बनना चाहिए : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। अनाज उत्पादन में कर्नाटक देश में चौथे स्थान पर है। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि कर्नाटक को देश में सबसे ज्यादा अनाज उगाने वाला राज्य बनना चाहिए। वह आज कृषि विभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अनाज एवं जैविक दिवस 2023 एवं मेले का उद्घाटन कर रहे थे। ऐसे मेले लोगों में अनाज के उपयोग के लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने में सहायक होते हैं। लोग जैविक खेती की ओर रुख कर रहे हैं और जैविक उत्पादों की मांग बढ़ी है। दुनिया भर में आज अनाज का जश्न मनाया जा रहा है। अनाज के प्रति लोगों एवं किसानों को जागरूक करना एवं उनके लिए बाजार उपलब्ध कराना। पिछले 20 वर्षों से जैविक खेती पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग को पूरक उपाय करने के लिए सूचित कर दिया गया है।

जनवरी 5,6,7 को बेंगलूरु में अनाज मेला :

उन्होंने कहा कि लोगों को जैविक खेती और अनाज के प्रति जागरूक करने के लिए बेंगलूरु में 5, 6 और 7 जनवरी को अनाज मेला का आयोजन किया गया है। अनाज स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। पहला मेला 2017 में आयोजित किया गया था। उस समय कृष्णा बैरे गौड़ा कृषि मंत्री थे। लगातार 5 वर्षों तक व्यवस्था की गई। कोविड के दौरान ऐसा नहीं किया गया। अनाज एक ऐसी वस्तु है जिसकी अत्यधिक मांग है। पहले हम बाजरा, मक्का, नवाने, सामे और अर्का उगाते थे। फिर इसमें कमी आई। अनाज कम वर्षा वाले क्षेत्रों में उगाया जाता है। हाल ही में, जो लोग जानते हैं कि अनाज स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, वे इनका अधिक से अधिक उपयोग कर रहे हैं। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष बसवराज होर्राट्टी, विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कृषि मंत्री चेलुवरायस्वामी, विधानसभा उपाध्यक्ष प्राणेश, विपक्ष के नेता आर.अशोक आदि उपस्थित थे।

'मनोरंजन की कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान बुधवार को दर्शक दीर्घा से सदन के भीतर कूदे दो लोगों में से एक मनोरंजन डी. सोशल मीडिया पर भगत सिंह फैन क्लब' नामक पेज से जुड़ा है और वह ''क्रांतिकारी की तरह'' लगता है। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। मैसूरु निवासी मनोरंजन (33) ने लखनऊ के सागर शर्मा के साथ संसद में नारे लगाए और 'केन' से पीले रंग का धुआं छोड़ा जिससे सदन में अफरा-तफरी मच गयी।

संसद की सुरक्षा में सेंध लगने के तुरंत बाद मैसूरु पुलिस हरकत में आयी और बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले मनोरंजन के बारे में पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि जांच से पता चला है कि वह 'भगत सिंह फैन क्लब' से जुड़ा हुआ था। एक सहायक पुलिस आयुक्त ने कहा, हमें उसकी किसी आपराधिक पृष्ठभूमि का पता नहीं चला है। वह काफी चुप रहने वाला व्यक्ति है लेकिन जिन किताबों को वह पढ़ता है उन्हें देखकर वह 'क्रांतिकारी की तरह' लगता है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि मनोरंजन स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह का प्रशंसक लगता है जिन्हें ब्रिटिश राज में 1931 में 23 साल की उम्र में फांसी की सजा दी गयी थी। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि भगत सिंह और उनके समूह ने स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान जो किया था, ये लोग उसे दोहराना चाहते थे। पुलिस अधिकारी ने कहा कि आठ अप्रैल 1929 को भगत सिंह और उनके सहयोगियों ने दिल्ली में सेंट्रल असेंबली में बम फेंका था लेकिन इस बात का ध्यान रखा था कि कोई खास नुकसान न हो।

मनोरंजन ने संसद में प्रवेश करने के लिए मैसूरु-कोडगु के सांसद प्रताप सिम्हा से पास हासिल किया था। उसके पिता व किसान देवराज गौड़ा ने कहा कि उनके बेटे की हरकत निंदनीय है और दोषी पाए जाने पर वह उसे त्याग देंगे। उन्होंने कहा, अगर मेरा बेटा दोषी साबित हुआ तो उसे फांसी पर लटका देना। देवराज गौड़ा ने कहा कि मनोरंजन बहुत सारी, खासकर स्वामी विवेकानंद की किताबें पढ़ता था।

आरोपी मनोरंजन सोशल मीडिया पर नहीं, दोस्तों से दूरी

बेंगलूरु। संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले के आरोपियों में से एक मनोरंजन डी. का कोई सोशल मीडिया अकाउंट नहीं है और प्रारंभिक जांच से पता चला है कि वह छह वर्षों से अपने पुराने दोस्तों से अलग है। सूत्रों ने बताया कि मनोरंजन ने बेंगलूरु में अपने दोस्तों का एक समूह बनाया। अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि मनोरंजन उत्तर भारत के अन्य आरोपियों के संपर्क में कैसे आया।

पुलिस सूत्र यह भी बताते हैं कि मनोरंजन के अलग-अलग नामों से सोशल मीडिया अकाउंट हो सकते हैं। उसने बेंगलूरु के प्रतिष्ठित बेंगलूरु इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) से अपना इंजीनियरिंग कोर्स पूरा किया। वर्ष 2016 में वह कंबोडिया गया था। प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला कि मनोरंजन को सांसद प्रताप सिम्हा के कार्यालय से तीन बार संसद पास जारी किया गया था। जांच से यह भी पता चला कि मनोरंजन ने यात्राओं के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का विस्तार से अध्ययन किया और हमले की योजना बनाई। प्रताप सिम्हा के कार्यालय ने शुरू में पास जारी करने से इनकार कर दिया, लेकिन बाद में, आरोपी ने पास प्राप्त करने के लिए मैसूरु शहर के एक स्थानीय निजी सहायक के माध्यम से दबाव डाला।

इस बीच, हासन में अरकलगुड के पास उनके पैतृक मल्लपुरा के ग्रामीणों का कहना है कि मनोरंजन ने गांव को बदनाम किया है और इसे देश के साथ विश्वासघात बताया है। ग्रामीणों ने कहा,अगर यह कोई और मामला होता, तो यह अलग होता। पूरे देश को पता चल रहा है कि हमारे गांव के एक लड़के ने ऐसा कृत्य किया है। हम आम लोगों के लिए स्थानीय पुलिस स्टेशन में जाना संभव नहीं है। बिना किसी की मदद के, कैसे क्या वह संसद के अंदर कनस्तर की तस्करी कर सकता था? यहां तक कि सांसदों को भी अपने फोन जमा करने होते हैं। उसके पीछे कोई है। मनोरंजन ने कभी गांव में कदम नहीं रखा; उसके पिता आते थे और मैसूरु लौट आते थे।

संसद सुरक्षा उल्लंघन खतरे की घंटी है : कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष

बेलगावी। कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यू.टी. खादर ने गुरुवार को कहा कि संसद सुरक्षा उल्लंघन की घटना सभी के लिए एक चेतावनी है।

बेलगावी सुवर्णा विधान सौध में पत्रकारों से बात करते हुए, अध्यक्ष खादर ने लोगों से अपील की कि वे सहयोग करें क्योंकि आगंतुकों की प्रामाणिकता की जांच करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। लेकिन, यह भी कहा गया है कि बेलगावी में सुवर्ण विधान सौधा में छात्रों और अच्छे नागरिकों के लिए पास जारी करने में परेशानी पैदा न करें।

संसद की घटना के बाद, सुवर्ण विधान सौधा के परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और आगंतुकों के लिए पास जारी करने के लिए कड़ी प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि संसद भवन पर हमले के आरोपियों में से एक मनोरंजन का कोई सोशल मीडिया अकाउंट नहीं है और उसने छह साल से अपने पुराने दोस्तों से नाता तोड़ लिया है।

बेंगलूरु में सड़कों की व्हाइट टॉपिंग पर विधायकों से मुलाकात जल्द : शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने गुरुवार को कहा कि वह शहर में सड़कों की व्हाइट टॉपिंग पर चर्चा के लिए जल्द ही बेंगलूरु के विधायकों की बैठक बुलाएंगे। विधान परिषद में 'प्रश्नकाल' के दौरान विधायक एच.एस. गोपीनाथ के प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि बेंगलूरु में 1.14 करोड़ वाहन हैं और बेंगलूरु में हर दिन 1,300 से अधिक दोपहिया वाहन और 490 नई कारें पंजीकृत होती हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा, 'भारी यातायात के कारण सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं। सड़कों पर व्हाइट टॉपिंग से यह समस्या हल हो जाएगी क्योंकि यह 25-40 वर्षों तक चलती है।' व्हाइट टॉपिंग के लिए 1,000 करोड़ रुपये का आवंटन है। छोटी सड़कों पर भी व्हाइट टॉपिंग की मांग है। मैं बेंगलूरु के विभिन्न क्षेत्रों में व्हाइट टॉपिंग की जरूरत को समझने के लिए जल्द ही विधायकों की एक बैठक बुलाऊंगा।

बेंगलूरु में केबल बिछाने के लिए खुदाई का खतरा बढ़ गया है और इससे सड़कों को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, 'इसलिए, व्हाइट टॉपिंग को व्यवस्थित तरीके से शुरू करने की जरूरत है।' उन्होंने कहा कि सरकार बीबीएमपी के लिए फंड जारी कर रही है, लेकिन उसे अधिक राजस्व उत्पन्न करने और सरकार पर निर्भरता कम करने की जरूरत है।

उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा, 'हम अधिक राजस्व उत्पन्न करने और बीबीएमपी के वित्त को मजबूत करने के लिए करों में वृद्धि पर विचार कर रहे हैं। मैं इस पर सुझावों का स्वागत करता हूं। हमें बेंगलूरु के आत्मसम्मान और प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है।'

अपराध की रोकथाम पर भाजपा विधायक भारती शेट्टी के सवाल का जवाब देते हुए शिवकुमार ने कहा, 'हालांकि भारती शेट्टी मूल रूप से मंगलुरु की रहने वाली हैं, लेकिन उन्हें बेंगलूरु की काफी चिंता है। स्वच्छता के मामले में मंगलूरु और बेलगावी बेंगलूरु से काफी आगे हैं। जयनगर, चामराजपेट, मल्लेश्वरम को छोड़कर, बेंगलूरु एक नियोजित शहर नहीं है।

बेंगलूरु पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। शहर में ट्रैफिक बढ़ रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा, 'जब हेब्बाल फ्लाईओवर बनाया गया था, तब देवनहल्ली में कोई हवाई अड्डा नहीं था। उत्तरी बेंगलूरु के तेजी से बढ़ने के साथ, ट्रैफिक की समस्या है।'

उन्होंने कहा, 'हमने बेंगलूरु की ट्रैफिक समस्याओं को हल करने के लिए 9 संस्थानों के साथ चर्चा की है। कल भी मेरी मीटिंग थी। हम ट्रैफिक प्रबंधन और अपराध को नियंत्रित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं। अपराध रोकने के लिए हम गृह विभाग के साथ भी काम कर रहे हैं। पांच प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक बहुत अधिक है और इसके लिए दीर्घकालिक योजना की जरूरत है।'

कर्नाटक युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, भाजपा सांसद की गिरफ्तारी की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक युवा कांग्रेस ने गुरुवार को बेंगलूरु के रेस कोर्स रोड पर कांग्रेस भवन में विरोध प्रदर्शन किया और संसद के अंदर सुरक्षा उल्लंघन के मामले में भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा की गिरफ्तारी की मांग की। विरोध के दौरान सदस्यों ने मैसूर-कोडगु सांसद प्रताप सिम्हा के पोस्टर जलाए और उन्हें चप्पलों से भी पीटा। प्रताप सिम्हा और भाजपा के खिलाफ नारे लगाते हुए, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्होंने आरोपियों को संसद के अंदर सुरक्षा उल्लंघन को अंजाम देने के लिए उकसाया था।

हालांकि, पुलिस हरकत में आई और प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। इस बीच, मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के बेटे और पूर्व विधायक यतींद्र सिद्दरामैया ने मांग की कि सांसद प्रताप सिम्हा को जांच का सामना करना चाहिए और तब तक उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए। हम उचित पूछताछ और पृष्ठभूमि की जांच के बाद पास जारी करते हैं। घटना के लिए सीधे तौर पर सांसद प्रताप सिम्हा जिम्मेदार हों।

यतींद्र ने कहा, चुनाव नजदीक आ रहे हैं और यह घटना उसी दिन हुई है जिस दिन 2001 में संसद पर आतंकी हमला हुआ था, इस घटना के पीछे के मकसद की जांच करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चार हमलावरों में से दो का संबंध मैसूरु से है और सांसद प्रताप सिम्हा को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

विधानसभा में बीबीएमपी संशोधन विधेयक पारित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। बृहत बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) और कुछ अन्य कानून (संशोधन) विधेयक, जो राज्य की राजधानी के नागरिक निकाय को भवन योजनाओं और अन्य अनुमतियों से संबंधित शुल्क लगाने का अधिकार देता है, बुधवार को कर्नाटक विधानसभा में पारित हो गया। उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने संशोधन विधेयक पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि वर्ष 2015 में भवन निर्माण अनुमति के लिए शुल्क के संग्रह से संबंधित एक परिपत्र था। कुछ लोगों ने परिपत्र को चुनौती देते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। इसे 2021 में संशोधित किया गया था। इस शुल्क को पूर्वव्यापी बनाने के लिए 2022 में एक और संशोधन किया गया। हाईकोर्ट ने सर्कुलर पर रोक लगाते हुए कहा था कि सर्कुलर के आधार पर बिल्डिंग परमिशन फीस नहीं वसूली जा सकती। आवेदकों ने इस संशोधन को न सिर्फ हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, बल्कि समीक्षा याचिका भी दायर की थी।उन्होंने कहा, सर्कुलर के आधार पर, सरकार ने 2015 से 2023 तक 1,712 करोड़ रुपये एकत्र किए थे और अन्य 688 करोड़ रुपये का संग्रह लंबित था। सर्कुलर में कुछ खामियां थीं और इसलिए उच्च न्यायालय ने इसके खिलाफ फैसला सुनाया था। उच्च न्यायालय के आदेश का मतलब था कि बीबीएमपी को 1,712 करोड़ रुपये लौटाने थे। यह संशोधन अनिवार्य रूप से इसे सुधारने के लिए है।

शिवकुमार ने कहा कि परिपत्र में कई परिभाषाओं जैसे ग्राउंड रेंट, मार्गदर्शन मूल्य, जांच शुल्क, लेवी शुल्क आदि को अधिक स्पष्टता की आवश्यकता है और इसलिए यह संशोधन कुछ शब्दावली को फिर से परिभाषित करने और कुछ मुद्दों को सुधारने का एक प्रयास है।विपक्ष के नेता आर अशोक और विधायक अश्वथ नारायण की फीस नहीं बढ़ाने की मांग पर उन्होंने कहा कि सरकार के सामने ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

उन्होंने स्पष्ट किया, उच्च न्यायालय ने परिपत्र पर रोक लगा दी थी क्योंकि पिछली सरकार ने केवल एक परिपत्र के आधार पर फीस एकत्र की थी। न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि शुल्क संग्रह केवल मौजूदा कानूनों में संशोधन के आधार पर किया जा सकता है।

4 लाख किसानों के कृषि पंप सेट के लिए बुनियादी ढांचा : जॉर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सुवर्ण विधान सौधा/बेलगावी। ऊर्जा मंत्री केजे जॉर्ज ने कहा कि सरकार राज्य के 4 लाख किसानों के कृषि पंप सेट के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराएगी। गुरुवार को बेलगाम शीतकालीन सत्र में विधानमंडल के प्रश्नोत्तरी सत्र के दौरान उन्होंने विधायकों के सवालों का जवाब दिया। 500 मीटर के पंजीकृत दायरे में स्थित पंप सेटों के लिए बिजली आपूर्ति कंपनियों द्वारा बुनियादी ढांचा प्रदान किया जाएगा। 500 मीटर से अधिक के पंप सेट के लिए केंद्र सरकार ने 30 प्रतिशत और राज्य सरकार ने 50 प्रतिशत की सब्सिडी दी है और सोलर पंप सेट लगाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

22 सितम्बर के बाद पंजीकृत आईपी सेट के लिए यह नियम था कि बुनियादी ढांचे का कार्य स्वयं कृषकों द्वारा स्व-निष्पादन के तहत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसे बदलने और सरकार को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव पेश किया गया है। प्रदेश में खेती के लिए सात घंटे बिजली दी जा रही है। चालू वर्ष में बारिश की कमी के कारण जलस्रोत से उत्पन्न होने वाली बिजली की मात्रा में कमी आयी है।

राज्य में बिजली ट्रांसफार्मरों की कोई कमी नहीं है। खराब विद्युत ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समय पर बदला जा रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि कुछ जगहों पर कनवर्टर की क्षमता से अधिक दबाव पड़ने से कनवर्टर खराब हो रहे हैं।

इसके साथ ही राज्य की बिजली की मांग 8000 मेगावाट से बढ़कर 16500 मेगावाट हो गयी और बिजली की कमी हो गयी। बाहरी राज्यों से अनुबंध के माध्यम से बिजली खरीदी जाती है। इसके साथ ही राज्य के थर्मल पावर प्लांट भी अधिक बिजली का उत्पादन कर रहे हैं और फिलहाल राज्य में बिजली की कोई कमी नहीं है। मंत्री केजे जॉर्ज ने स्पष्ट किया कि जरूरत से ज्यादा बिजली उपलब्ध है।

वर्ष 2004 में, जब एचडी रेवन्ना ऊर्जा मंत्री थे, उस समय 60 हजार और 2008 में, जब शोभा करंदलाजे ऊर्जा मंत्री थीं, 1.50 लाख कृषि पंप सेटों को अवैध और कानूनी नियमों के तहत विनियमित करने का निर्णय लिया गया था। तब से सरकारों ने अनाधिकृत कृषि पंप सेटों को नियमित करना जारी रखा है। राज्य में बिजली ट्रांसफार्मरों की कोई कमी नहीं है। खराब विद्युत ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समय पर बदला जा रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि कुछ जगहों पर कनवर्टर की क्षमता से अधिक दबाव पड़ने से कनवर्टर खराब हो रहे हैं।

किसानों को अपने खेत के पंप सेट को जोड़ने के लिए बिजली आपूर्ति कंपनियों को बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर, बिजली के तार और सेवा शुल्क का भुगतान करना पड़ता है। इसकी कीमत करीब 2 से 3 लाख रुपये है। कागवाड़ा विधायक भारमा गौड़ा अलगौड़ा कागे ने ऊर्जा मंत्री से अनुरोध किया कि सरकार को ये सभी खर्च वहन करना चाहिए और बिजली कनेक्शन प्रदान करना चाहिए क्योंकि यह किसानों पर बोझ है।

महिला को निर्वस्त्र घुमाये जाने से नाराज अदालत ने पूछा

क्या हम 17वीं सदी में वापस लौट रहे हैं?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बेलगावी जिले के एक गांव में एक महिला को निर्वस्त्र घुमाने की घटना को 'असाधारण मामला' बताते हुए नाराजगी जाहिर की और कहा कि इस मामले में सख्ती से निपटा जायेगा। अदालत ने यह सवाल भी किया, क्या हम 21वीं सदी में जा रहे हैं या 17वीं सदी में वापस लौट रहे हैं। महिला का बेटा 11 दिसंबर की तड़के उस लड़की के साथ भाग गया था जिसकी सगाई किसी और से होने वाली थी। इसके बाद महिला के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई, उसे निर्वस्त्र कर घुमाया गया और बिजली के खंभे से बांध दिया गया। एक खंडपीठ ने बेलगावी के पुलिस आयुक्त और सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) को अतिरिक्त रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 18 दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया। महाधिवक्ता ने बृहस्पतिवार को मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी. वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की खंडपीठ के समक्ष इस घटना को लेकर की गई कार्रवाई से संबंधित एक ज्ञापन और कुछ दस्तावेज रखे।

पीठ ने आदेश दिया, कम से कम हम यह कह सकते हैं कि घटना के बाद जिस तरह से चीजें हुईं, उससे हम संतुष्ट नहीं हैं। महाधिवक्ता ने अतिरिक्त रिपोर्ट सौंपने के लिए कुछ समय मांगा है। इसके मद्देनजर महाधिवक्ता को सोमवार को एक अतिरिक्त स्थिति रिपोर्ट रिकॉर्ड पर रखने की अनुमति दी जाती है। उच्च न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाये। इस घटना पर नाराजगी जताते हुए उच्च न्यायालय ने कहा, यह हम सभी के लिए शर्म की बात है। आजादी के 75 साल बाद भी हम इस तरह की स्थिति की उम्मीद नहीं कर सकते। यह हमारे लिए एक सवाल है कि क्या हम 21वीं सदी में जा रहे हैं या 17वीं सदी में वापस लौट रहे हैं? उच्च न्यायालय ने कहा, यह (घटना) आने वाली पीढ़ी को प्रभावित करेगी। क्या हम एक ऐसा समाज बना रहे हैं जहां हमें बेहतर भविष्य के सपने देखने का मौका मिले या हम एक ऐसा समाज बना रहे हैं, जहां कोई यह महसूस करे कि जीने से बेहतर मर जाना है? जहां एक महिला के लिए कोई सम्मान नहीं है। उच्च न्यायालय ने सुनवाई के दौरान कहा कि आरोपी भी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) समुदाय से थे और इसलिए इस मामले में एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होते है। उच्च न्यायालय ने 12 दिसंबर को मीडिया में आई कुछ खबरों के आधार पर घटना का स्वत: संज्ञान लिया था।

पानी हमारा अधिकार है : डीके शिवकुमार

सुवर्ण विधान सौधा/बेलगावी। उपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार ने कहा कि 'अपना पानी प्राप्त करना हमारा अधिकार' परियोजना को लागू करने के लिए सक्षम अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी/अनुमोदन लिया जाएगा। उन्होंने गुरुवार को विधान परिषद में सदस्य सरवन के ध्यानाकर्षण सवाल का जवाब दिया। उन्होंने बताया कि मेकेदातु परियोजना के लिए अब तक कोई भूमि अधिग्रहित नहीं की गई है। जुलाई से नवंबर 2023 तक, कर्नाटक और तमिलनाडु की अंतर-राज्य सीमा पर सीडब्ल्यूसी बिलीगुंडलू गेजिंग स्टेशन पर 10.658 टीएमसी पानी तमिलनाडु की ओर मोड़ दिया गया है। जल संकट के वर्षों के लिए जल आवंटन फार्मूला तैयार करने पर कावेरी जल नियंत्रण समिति (सीडब्ल्यूआरसी)/कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) की बैठकों में चर्चा की जा रही है और संकट आवंटन फार्मूले को अंतिम रूप दिया जाना है।वर्तमान में, जल वर्ष 2023-24, जो अपनी स्थापना के बाद से एक महत्वपूर्ण जल वर्ष है, पर सीडब्ल्यूआरसी और सीडब्ल्यूएमए की बैठकों में कावेरी बेसिन के जलाशयों में पिछले 30 वर्षों के औसत प्रवाह, आवधिक वर्षा/कमी, भंडारण प्रवाह/पर चर्चा की गई है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
A Government of India Undertaking
सहयोग सेवाएँ विभाग, केन्द्रीय कार्यालय एनेक्स, मंगलादेवी मंदिर मार्ग, पाण्डेश्वर, मंगलूरु 575 001 दूर :-0824- 2861397 / 391 /786

मंगलूरु में बैंक की संपत्तियों पर बगीचे के रखरखाव के लिए ठेकेदार की नियुक्ति के लिए निविदा आमंत्रित करने की सूचना

टेंडरसंदर्भसं.:CO/MNG-ANX/SSD/28/2023-24 दिनांक:15.12.2023

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया विषयान्तर्गत कार्य के लिए सीलबंद बोलियां आमंत्रित करता है। निविदा एवं पूर्ण विवरण के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in और सरकारी पोर्टल www.eprocure.gov.in पर लॉगिन करें। बैंक के केंद्रीय कार्यालय एनेक्स, मंगलूरु को सीलबंद बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 05.01.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक है।

दिनांक: 15.12.2023 मुख्य प्रबंधक

राजस्थान के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण आज, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रहेंगे मौजूद

दो उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा भी शपथ लेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दो उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा शुक्रवार को सुबह 11 बजे शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। अल्बर्ट हॉल (रामनिवास बाग) के बाहर होने वाले इस समारोह को भव्य बनाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियों की भी झलक देखने को मिलेगी। समारोह स्थल पर भाजपा के झंडों और होर्डिंग काउंटर सहित प्रधानमंत्री मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं वाले पोस्टर और बैनर लगाए गए हैं।

भाजपा के प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने बताया कि केंद्र के नेताओं और मुख्यमंत्रियों को भी समारोह के लिए निमंत्रण भेजे गए हैं।

मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह के लिए भाजपा ने प्रदेश के लाखों कार्यकर्ताओं को निमंत्रण भिजवाया है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए राजस्थान सहित अन्य राज्यों के विशिष्ट लोगों को भी निमंत्रण भेजे जा रहे हैं। इसमें प्रबुद्धजनों सहित राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोग शामिल हैं। इसके अलावा खेल जगत और साहित्यिक जगत के खास लोगों को भी शपथ ग्रहण समारोह के लिए बुलावा भेजा जा रहा है।

शपथ ग्रहण समारोह से पहले राजधानी के मुख्य मार्गों और प्रवेश मार्गों को सजाया जा रहा है। समारोह को लेकर पूरे एरिया का ट्रैफिक 14 दिसंबर की सुबह से 15 दिसंबर की दोपहर तीन बजे तक बंद रहेगा।रामनिवास बाग के अंदर संचालित होने वाला यातायात शुक्रवार दोपहर तीन बजे तक करीब 32 घंटे बंद रहेगा। हालांकि, रामनिवास बाग के बाहरी रास्तों पर अति आवश्यक सेवाओं के वाहनों का आवागमन निर्बाध रहेगा। एसएमएस अस्पताल में दिखाने के लिए मरीज एवं उनके परिजन आ-जा सकेंगे।

जेडीए चौराहा जेएलएन मार्ग की ओर से आने वाले वाहनों को त्रिमूर्ति सर्किल से नारायण सिंह तिराहा व धर्मसिंह सर्किल की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। सूचना केंद्र तिराहा से आरोग्य पथ तिराहा की तरफ जाने वाले यातायात को सीधा टोंक रोड पर संचालित किया जाएगा। सांगानेरी गेट की तरफ से रवीन्द्र रंगमंच, एमडी रोड से म्यूजियम रोड और रामनिवास बाग में एमजीडी की तरफ का गेट बंद रहेगा।

न्यू गेट, एमआई रोड, सांगानेरी गेट से रामनिवास बाग से निकले वाले यातायात को एमआई रोड की तरफ डायवर्ट करेंगे। आगरा रोड की रोडवेज व निजी बसें सिन्धी कैम्प से अजमेर रोड सोडाला चौराहा, 200 फीट चौराहा, किसान धर्म कांटा न्यू सांगानेर रोड, बी-2 बाइपास, जवाहर सर्किल, जगतपुरा सीबीआई फाटक, खो-नागोरियान रोड, आगरा रोड से आ व जा सकेगी।

राज्य में उपमुख्यमंत्री का कोई संवैधानिक पद नहीं, फिर शपथ क्यों? : डोटासरा

जयपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जयपुर के अलबर्ट हॉल पर मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ उपमुख्यमंत्री के रूप में दीयाकुमारी और प्रेमचंद बैरवा के शपथ ग्रहण को लेकर गुरुवार को सवाल खड़ा किया है। विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद शुक्रवार को विधायक दल के नेता के रूप में सांगानेर से विधायक सदस्य भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री तथा दीयाकुमारी और प्रेमचंद बैरवा उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। इस बारे में राजभवन की सूचना के बाद सरकारी स्तर पर निमंत्रण पत्र व विज्ञापन भी जारी किए गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए डोटासरा ने लिखा कल होने वाले कार्यक्रम के सरकारी निमंत्रण में मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण का विवरण लिखा गया है, जबकि संविधान की धारा 163 व 164 में ऐसे किसी पद की शपथ का विवरण नहीं है। जाहिर है कि राज्य में उपमुख्यमंत्री का कोई संवैधानिक पद नहीं होता है।

उल्लेखनीय है कि 2018 में कांग्रेस सरकार के गठन के समय अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री पद का शपथ ग्रहण समारोह रामनिवास बाग के अल्बर्ट हॉल के बाहर ही हुआ था, इस दौरान गहलोत के साथ सचिन पायलट ने भी उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, लेकिन सरकारी निमंत्रण में इसका कोई जिक्र नहीं था। तब भी सचिन पायलट के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लिए जाने पर भी सवाल उठे थे, और उपमुख्यमंत्री शब्द के इस्तेमाल को गैर संवैधानिक बताया गया था।

मुख्य सचिव ने शपथ ग्रहण समारोह को लेकर ली बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने शासन सचिवालय में 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री एवं मंत्रीपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्रीमती शर्मा ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री सहित सभी नवनिर्वाचित विधायकों एवं अति विशिष्ट मेहमानों को बैठने की व्यवस्था को लेकर व्यापक निर्देश दिए। उन्होंने शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भाग लेने वाले जन प्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों को नियत स्थान तक बस से ले जाने की सुचारू व्यवस्था करने के साथ ही जेएलएन मार्ग स्थित पेड़ों की कटाईछंटाई एवं साफसफाई को लेकर भी निर्देश दिए।

बैठक में डीजीपी उमेश मिश्रा, राज्यपाल के प्रमुख शासन ङ्कसचिव सुबीर कुमार, प्रमुख शासन सचिव गृह आनंद कुमार, सचिव सामान्य प्रशासन दिनेश कुमार, सचिव टी रविकांत, जेडीसी जोगाराम, जीएडी प्रमुख सचिव दिनेश कुमार, पीडब्ल्यूडी प्रमुख शासन सचिव वैभव गाङ्कलरिया, एलएसजी निदेशक ह्वदेश कुमार, पुलिस आयुक्त बीजू जोसेफ जॉर्ज एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक अरूण जोशी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कांग्रेस ने करणपुर सीट पर रूपिंदर सिंह को उम्मीदवार बनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस ने राजस्थान की करणपुर विधानसभा सीट से रूपिंदर सिंह कुन्नर को अपना प्रत्याशी बनाया है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस आशय की सूचना बुधवार को जारी की है। इस सीट पर मतदान पांच जनवरी को होना है। कांग्रेस उम्मीदवार और तत्कालीन विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण करणपुर सीट पर चुनाव स्थगित कर दीयागया था। पार्टी ने कुन्नर के बेटे रूपिंदर सिंह को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रूपिंदर को उम्मीदवार घोषित किए जाने की सूचना सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर साझा करते हुये लिखा, कांग्रेस पार्टी ने करणपुर विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए रूपिंदर सिंह कुन्नर को प्रत्याशी के रूप में नामित किया है। पार्टी पूरी तरह तैयार है, आपको जीत की अग्रिम शुभकामनाएं।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, करणपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी के अलावा 11 उम्मीदवार हैं। यहां केवल कांग्रेस प्रत्याशी को नामांकन करना है। नामांकन 19 दिसंबर तक जमा कराए जा सकते हैं। 20 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 22 दिसंबर तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकते हैं। मतदान पांच जनवरी को होगा और मतगणना आठ जनवरी को होगी। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से पूर्व मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी चुनाव लड़ रहे हैं। करणपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 249 मतदान केंद्र हैं। छह दिसंबर तक यहां 2,40,826 मतदाता थे। पिछले माह हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 115 सीट जीतीं, जबकि कांग्रेस को 69 सीट मिलीं।

विधानसभा की गरिमा के अनुरूप कार्य करने के होंगे प्रयास : देवनानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान में मनोनीत विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि वह सदन में आपसी सहमति बनाते हुए विधानसभा की गरिमा के अनुरूप कार्य करने का प्रयास करेंगे ताकि प्रदेश नये विकास की ओर आगे बढ़ सके। विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद आज अजमेर पहुंचे देवनानी ने अजमेर जिला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय में मीडिया से यह बात कही। उन्होंने कहा कि वह अब आगे की पारी शुरु करेंगे। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी, भाजपा के प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह का आभार जताते हुए कहा जो विश्वास मुझ जैसे कार्यकर्ता पर व्यक्त किया गया है, मैं अपनी पूरी क्षमता के साथ उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा । उन्होंने कहा कि वह कभी कालेज में पढ़ाने का काम किया करते थे, उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने मोदी के भारत को विश्व गुरु बनाने के सपने को साकार बनाने में सभी के सहयोग करने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को सदन में रखने तथा सरकार के माध्यम से उन्हें हल कराया जायेगा। अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से पांचवीं बार जीत दर्ज करने वाले श्री देवनानी ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में पानी की समस्या का निदान कराना उनकी प्राथमिकता होगी।

शहर में लम्बित साइंस पार्क स्थापना और नये नये उद्योग धंधों को लगवाने का काम कराया जाना भी जरूरी है ताकि रोजगार उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि अधूरे कामों को पूरा कराने के लिए सम्बंधित अधिकारियों से बात करने का भरोसा भी दिलाया। देवनानी ने कहा कि पेपरलीक जैसी घटनाएं न हो, इसके लिए सरकार से बात कर रोकथाम के उपायों को प्रभावी ढंग से लागू कराकर अजमेर का गौरव लौटने का विश्वास भी दिलाया।

भेंट

जयपुर में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पुनिया से शिष्टाचार भेंट करती मनोनीत उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी।

मनोनीत मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से मिलने के लिए लगा लोगों का तांता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से गुरुवार को यहां मिलने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। प्रदेश में भाजपा के विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत प्राप्त के बाद मनोनीत मुख्यमंत्री शर्मा से पार्टी कार्यकर्ता सहित आम लोग मिलने को काफी उत्सुक नजर आ रहे हैं और उनके अस्थाई आवास स्टेट गेस्ट हाउस पर सुबह से उनसे मिलने वाले लोगों का तांता लगा रहा और लोग उन्हें मुख्यमंत्री बनने पर बधाइयां दी।

शर्मा लोगों से मिलने के लिए एक जगह खड़े हो गए और लाइन से लोगों ने उनसे मिलकर एवं उन्हें माला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान शर्मा ने हाथ जोड़कर एवं लोगों से हाथ मिलाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। उल्लेखनीय है कि मनोनीत मुख्यमंत्री शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

मुलाकात

जयपुर में गुरुवार को राज्यपाल कलराज मिश्र और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की राजभवन में मुलाकात हुई। राज्यपाल मिश्र और सिन्हा की यह शिष्टाचार भेंट थी।

पीआईटी एनडीपीएस एक्ट मामले में आरोपित गिरफ्तार, अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल भेजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने गुरुवार को स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 (पीआईटी एनडीपीएस एक्ट) मामले में पहली कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसे अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में भेज दीयाहैं। इस एक्ट में गिरफ्तार करने के लिए हाल ही में गृह सचिव राजस्थान सरकार ने आदेश जारी किया था, इसी आदेश के तहत यह कार्रवाई की गई।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से राज्य में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने और बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश मिले थे। इस पर दक्षिण जिले में ऐसे अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ पीआईटी एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिसके चलते मादक पदार्थ तस्कर मोहम्मद अली उर्फ बबलू (40) निवासी गंगा विहार कॉलोनी थाना श्याम नगर जयपुर के खिलाफ यह कार्रवाई की। आरोपित के बारे में जानकारी गृह विभाग से साझा की गई और फिर इस पर गृह विभाग ने आरोपित को अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में भेजने के निर्देश दिए। जिस पर आरोपित मोहम्मद अली को गिरफ्तार कर अजमेर जेल में बंद किया गया।

गिरफ्तार आरोपित मोहम्मद अली उर्फ बबलू के खिलाफ आठ मामले दर्ज हो चुके है। सभी आठ प्रकरणों में आरोप कोर्ट में पेश किया जा चुका हैं। अपराधी स्वयं नशा करने का आदी है एवं मादक पदार्थों के अवैध व्यापार से भारी धन राशि प्राप्त कर रहा है। समाज में नशे की लत को बढ़ाने में सक्रिय योगदान दे रहा था।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) जयपुर योगेश गोयल ने बताया कि स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 के राज्य सरकार को अधिकतम दो साल की अवधि के लिए अपराधी को कारागार में निरुद्ध किये जाने का प्रावधान है। जयपुर पुलिस ने किसी अपराधी के खिलाफ स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 के तहत इस प्रकार की यह पहली कार्रवाई है।

कड़ाके की सर्दी के बीच माउंटआबू में जमी बर्फ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में मौसम सामान्य बना हुआ है। सीकर में सबसे कम 6.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। आमतौर पर सबसे ठंडे रहने वाले फतेहपुर में दिन का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री और न्यूनतम 11.3 डिग्री दर्ज किया गया। हवा में आद्रता 68 प्रतिशत है।

मौसम विभाग के मुताबिक, अगले चार दिनों के पूर्वानुमान में प्रदेश में कहीं भी वर्षा होने की संभावना नहीं है। इसके अलावा तापमान में सामान्य ही रहने का अनुमान जताया गया है। फलौदी प्रदेश का सबसे गर्म हिस्सा रहा। यहां अधिकमत तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया है और न्यूतनम तापमान भी 16.4 डिग्री दर्ज किया गया है।

सर्दी के कारण लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। रात के समय पारा गिरने के साथ ही ओस और नमी भी गिर रही है। कुछ शहरों में दिन के समय तेज धूप निकल रही है। हालांकि, इन जिलों में तापमान सामान्य रहने के साथ ही मौसम शुष्क बना हुआ है।

कोटा में आईआईटी अभ्यर्थी की हत्या : सात लोगों से पूछताछ जारी

कोटा/दक्षिण भारत। कोटा शहर के इंदिरा विहार इलाके में आईआईटी-जेईई की परीक्षा की तैयारी कर रहे 17 वर्षीय एक छात्र की हत्या के मामले में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक प्राथमिकी में कुछ अन्य आरोपियों के नामों का भी जिक्र है, जिनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। सहायक पुलिस अधीक्षक संजय गुप्ता ने कहा कि मंगलवार रात पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव उसके परिजनों को सौंप दीयागया और इस मामले में आगे की जांच की जा रही है।

सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ने कहा कि आरोपी बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले नाबालिग हैं तथा पूछताछ और साक्ष्य एकत्र करने के बाद उन्हें हिरासत में लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मृतक की मां रीमा देवी की शिकायत के आधार पर सात युवकों और कुछ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। ये सभी कोचिंग संस्थान के छात्र हैं।

कोटा के इंदिरा विहार इलाके में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा (आईआईटी-जेईई) की तैयारी कर रहे छात्र सत्यवीर उर्फ राजवीर उर्फ रौनक की कथित तौर पर पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी। सत्यवीर जब सोमवार देर शाम को यहां एक चाय की दुकान पर बैठा था तभी कुछ युवकों ने उस पर लोहे के छड़ और जंजीरों से हमला किया था। सत्यवीर करीब दो साल से यहां एक कोचिंग संस्थान में आईआईटी-जेईई की तैयारी कर रहा था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आईआईटी-जेईई अभ्यर्थी पर हमले के पीछे कोई बड़ा कारण सामने नहीं आया है।

बच्ची से दुष्कर्म, हत्या मामले में व्यक्ति को मौत की सजा

जोधपुर। राजस्थान के पाली जिले की एक अदालत ने एक बच्ची से दुष्कर्म और उसकी तथा उसके भाई की हत्या करने के मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए बुधवार को मौत की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी व्यक्ति पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। न्यायाधीश अनवर अहमद चौहान ने फैसला सुनाते हुए कहा कि व्यक्ति ने हैवानियत की सभी हदें पार कर दीं। उन्होंने कहा, आरोपी ने जघन्य अपराध किया है, इसलिए उसे मौत की सजा देना जरूरी है।

लोक अभियोजक खेमाराम पटेल के अनुसार, पाली जिले के सिरियारी क्षेत्र के आसन जोधवान गांव निवासी आरोपी अर्जुन सिंह (22) को 10 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म का दोषी पाया गया। उसे लड़की और उसके 13 वर्षीय भाई की पत्थर से कुचलकर हत्या करने का भी दोषी पाया गया।

पांच वर्षीय बालिका का निःशुल्क कृत्रिम अंग से जीवन हुआ आसान

उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर में नारायण सेवा संस्थान ने पांच साल की एक बालिका के पांव को निःशुल्क कृत्रिम अंग पहना कर उसके उठने, बैठने और चलने की मुश्किल को आसान कर दिया। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान में नीम का थाना की भूमि यादव का बाएं पांव जन्मजात दायां पांव से करीब 10 इंच छोटा था। जिससे उसे उठने, बैठने व चलने में न केवल परेशानी होती थी, बल्कि दूसरे पांव के भी घुटने से नाकाम होने की आशंका थी।

उन्होंने बताया कि गम 5 नवम्बर को उसके दादा-दादी भूमि को संस्थान में लेकर आए थे। इसके बाद संस्थान के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं कृत्रिम अंग निर्माण विभाग के तकनीशियनों ने विशेष कृत्रिम अंग बनाकर चार दिन तक उसे उठने, बैठने एवं चलने का प्रशिक्षण दिया।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी ही 'मोदी की गारंटी' है : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

आजमगढ़/वाराणसी (उप्र)/भाषा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी ही 'मोदी की गारंटी' है और यह शत-प्रतिशत जमीन पर उतरेगी।

मुख्यमंत्री ने आजमगढ़ और वाराणसी में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रमों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा, 'देश और प्रदेश में खुशहाली, सुरक्षा, समृद्धि के साथ भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी ही 'मोदी की गारंटी' है। यह शत प्रतिशत क्रियान्वित होने वाली गारंटी है।' उन्होंने कहा, 'हम सभी भारतीयों का संकल्प होना चाहिए कि हमारा देश दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बने। इसके लिए आतंकवाद, नक्सलवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार को समाप्त करना होगा। देश की जनता की खुशहाली से ही भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा।' आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा, 'पहले योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता था, मिलता था तो केवल चूरन। योजनाओं में भ्रष्टाचार और बंदरबांट होती थी, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने खत्म कर दिया। यही 'मोदी की गारंटी' है और इसी संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन प्रदेश की हर ग्राम सभा में किया जा रहा है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का उद्देश्य यही है कि जो लोग सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं वो अपने अनुभव 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के माध्यम से अभिव्यक्त करें। उन्होंने कहा कि जो लोग योजनाओं से अब तक लाभान्वित नहीं हुए हैं, उनके लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गये हैं, जहां वह योजनाओं के लिए पंजीकरण करा सकेंगे और यहां हाथों-हाथ पंजीकरण हो रहा है।

असम में लगभग 1,300 मदरसों को स्कूलों में तब्दील किया गया

गुवाहाटी/भाषा। असम में लगभग 1,300 मिडिल इंग्लिश (एमई) मदरसों को तत्काल प्रभाव से सामान्य एमई स्कूलों में तब्दील कर दिया गया है। राज्य सरकार की ओर से एक आदेश में यह जानकारी दी गयी। मिडिल इंग्लिश (एमई) मदरसे अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा उपलब्ध कराते हैं।

प्राथमिक शिक्षा विभाग की निदेशक सुरंजना सेनापति द्वारा बुधवार को जारी आदेश में कहा गया है कि प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय के तहत राज्य भर में 1,281 उच्च प्राथमिक एमई मदरसों को तत्काल प्रभाव से एमई स्कूल के रूप में जाना जाएगा। इससे पहले अप्रैल 2021 में, मदरसा बोर्ड के तहत सभी 610 राज्य संचालित मदरसों को उच्च प्राथमिक, उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में परिवर्तित कर दिया गया था। लेकिन, इसमें शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की स्थिति, वेतन, भत्ते और सेवा शर्तों में कोई बदलाव नहीं होगा।

मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वेक्षण की याचिका स्वीकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

प्रयागराज/भाषा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटी शाही ईदगाह मस्जिद के परिसर का सर्वेक्षण करने के लिए अदालत की निगरानी में अधिवक्ता आयुक्त नियुक्त करने की मांग करने वाली याचिका बृहस्पतिवार को स्वीकार कर ली।

न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने याचिका स्वीकार करते हुए कहा, आयोग गठित करने के लिए वादी की याचिका स्वीकार की जाती है। जहां तक इस आयोग के तौर तरीकों और प्रारूप का संबंध है, इस अदालत को यह उचित प्रतीत होता है कि इस उद्देश्य के लिए पक्षकारों के वकीलों को सुना जाए। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 18 दिसंबर तय की है। यह याचिका भगवान श्री कृष्ण विराजमान और सात अन्य लोगों द्वारा अधिवक्ता हरिशंकर जैन, विष्णु शंकर जैन, प्रभाष पांडेय और देवकी नंदन के जरिए दायर की गई थी जिसमें दावा किया गया है कि भगवान कृष्ण की जन्मस्थली उस मस्जिद के नीचे मौजूद है और ऐसे कई संकेत हैं जो यह साबित करते हैं कि वह मस्जिद एक हिंदू मंदिर है।

अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के मुताबिक, इस याचिका में कहा गया है कि वहां कमल के आकार का एक स्तंभ है जोकि हिंदू मंदिरों की एक विशेषता है। इसमें यह भी कहा गया है कि वहां शेषनाग की एक प्रतिकृति है जो हिंदू देवताओं में से एक हैं और जिन्होंने जन्म की रात भगवान कृष्ण की रक्षा की थी। याचिका में यह भी बताया गया कि मस्जिद के स्तंभ के आधार पर हिंदू धार्मिक प्रतीक हैं और नक्काशी में ये साफ दिखते हैं।

रालोपा सांसद बेनीवाल ने लोकसभा अध्यक्ष के पोडियम पर चढ़ने की कोशिश की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के सांसद हनुमान बेनीवाल ने बृहस्पतिवार को उस समय लोकसभा अध्यक्ष के पोडियम पर चढ़ने की कोशिश की, जब विपक्षी सदस्य सदन में सुरक्षा चूक को लेकर नारेबाजी कर रहे थे।

सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे शुरू हुई तो विपक्षी सदस्य सदन में बुधवार को दो युवकों के दर्शक दीर्घा से कूदने के मुद्दे पर गृहमंत्री अमित शाह के सदन में उपस्थित रहने की मांग करते हुए नारे लगाने लगे। कुछ सदस्य आसन के पास आ गए। जब विपक्षी सदस्य शोर-शराबा कर रहे थे, तभी महासचिव की कुर्सी के पास खड़े बेनीवाल ने लोकसभा अध्यक्ष के पोडियम पर चढ़ने का प्रयास किया जो कुछ फुट ऊंचाई पर है।

लोकसभा ने कांग्रेस के पांच सदस्यों को सदन की और आसन की अवमानना के मामले में निलंबित करने के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसके बाद पीठासीन सभापति भर्तृहरि महताब ने कार्यवाही अपराह्न तीन बजे तक स्थगित कर दी। इससे पहले अध्यक्ष ओम बिरला ने इन सदस्यों के नाम लिये थे।

अध्यक्ष द्वारा जब किसी सदस्य का नाम लिया जाता है तो इसका अर्थ सदस्य के निलंबन की कार्यवाही का आरंभ होना होता है।

संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का 'डीएनए' कांग्रेस-वामपंथी विचारधारा से जुड़ा है : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। संसदीय कार्यवाही बाधित करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए भाजपा ने बृहस्पतिवार को कहा कि संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने की घटना का विवरण जैसे-जैसे सामने आ रहा है, यह स्पष्ट होता जा रहा है कि लोकसभा में घुसने वाले आरोपियों का ''डीएनए कांग्रेस-वामपंथी विचारधारा से जुड़ा हुआ है।''

लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर सरकार से जवाब की मांग करते हुए बृहस्पतिवार को भारी हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में आसन की अवमानना के लिए विपक्ष के 14 सदस्यों को मौजूदा शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित भी कर दिया गया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जैसे-जैसे विवरण सामने आ रहे हैं, यह स्पष्ट हो रहा है कि संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का 'डीएनए' कांग्रेस-वामपंथी विचारधारा से जुड़ा हुआ है।'' भाजपा के राज्यसभा सदस्य राकेश सिन्हा ने विपक्षी दलों पर ''संसदीय लोकतंत्र की नींव को कमजोर करने'' का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''यह सिर्फ आज की बात नहीं है। पिछले सत्र में उन्होंने (विपक्ष) शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं चलने दिया था।''

सांसदों का ही नहीं, लोकतंत्र का निलंबन हुआ है: कांग्रेस

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस ने संसद के दोनों सदनों से 14 विपक्षी सदस्यों के निलंबन को 'लोकतंत्र का निलंबन' करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह सब संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे से ध्यान भटकाने और सरकार की विफलता छिपाने के लिए किया गया है। लोकसभा में कुल 13 सदस्यों और राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन को शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''राष्ट्रीय सुरक्षा और हमारे लोकतंत्र के मंदिर संसद की सुरक्षा को खतरे में डालने के बाद भाजपा अब आवाज उठाने वाले पर ही वार कर रही है। 15 विपक्षी सांसदों को संसद से निलंबित करना लोकतंत्र का निलंबन है।'' उन्होंने कहा, ''उनका अपराध क्या है? क्या केंद्रीय गृह मंत्री से सदन में बयान देने का आग्रह करना अपराध है? क्या सुरक्षा में सेंध लगने पर चर्चा करना अपराध है? क्या यह तानाशाही के उस पहलू को रेखांकित नहीं करता, जो वर्तमान व्यवस्था की पहचान बन गई है?'' खरगे ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखकर कहा कि संसद की सुरक्षा में चूक गंभीर चिंता का विषय है तथा इस पर सदन में नियम 267 के तहत चर्चा कराई जानी चाहिए। उन्होंने पत्र में कहा, ''मामले की गंभीरता को देखते हुए मैं संसद में 'इंडिया' (गठबंधन) के घटक दलों के नेताओं के परामर्श से इस राय पर पहुंचा हूं कि यह मामला इतना महत्वपूर्ण है कि इसे नियम 267 के तहत उठाया जाना चाहिए।'' नियम 267 के तहत नोटिस स्वीकार होने पर राज्यसभा में शेष कामकाज निलंबित कर, सदस्य द्वारा उठाए गए विषय पर चर्चा कराई जाती है।

मामलों को सूचीबद्ध करने पर हुए विवाद को लेकर नाखुश प्रधान न्यायाधीश ने कहा: आरोप लगाना बहुत आसान है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। मामलों को सूचीबद्ध करने को लेकर विवाद से नाखुश प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड ने बहस्पतिवार को कहा कि आरोप लगाना और पत्र लिखना 'बहुत आसान' है।

प्रधान न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि बीमारी की वजह से न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना के उपलब्ध नहीं होने की वजह से धनशोधन के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र कुमार जैन की जमानत याचिका को न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया है। बार के दो वरिष्ठ सदस्यों- दुष्यंत दवे और प्रशांत भूषण- ने न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को अलग-अलग पत्र लिखकर मामलों को सूचीबद्ध करने में कथित गड़बड़ी का मामला उठाया है और कहा है कि याचिकाओं को जिस पीठ द्वारा सुना जाना निर्धारित है, उससे इतर भेजा जा रहा है। इस अप्रिय विवाद के संदर्भ में प्रधान न्यायाधीश ने उक्त टिप्पणी की है।

प्रधान न्यायाधीश ने आज दिन में जैन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी के उस आग्रह को स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिसमें दिल्ली के पूर्व मंत्री जैन की जमानत याचिका पर न्यायमूर्ति त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा की जाने वाली सुनवाई को स्थगित करने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड ने कहा कि संबंधित न्यायाधीश ही फैसला लेंगे। उन्होंने कहा, आरोप लगाना और पत्र लिखना बहुत आसान है।

उत्तर प्रदेश: जालौन में पुलिस मुठभेड़ के बाद तीन गो तस्कर गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जालौन (उप्र)/भाषा। उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के कोच इलाके में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन गो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस क्षेत्राधिकारी उमेश पांडे ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह कोतवाली कोच के महेशपुर मार्ग पर पुलिस ने वाहनों की जांच के लिए अभियान चलाया, इसी दौरान सूचना मिली कि कुछ गो तस्कर एक वाहन में गोवंश को कथित तौर पर काटने और बेचने के लिए ले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जैसे ही वाहन महेशपुर पहुंचा तो पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन तस्करों ने पुलिस पर गोली चला दी। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलीबारी की।

उन्होंने बताया कि पैर में गोली लगने से कथित गो तस्कर कल्ला, मुन्ना घायल हो गए और अन्य तीसरे आरोपी शाहिद पुत्र शहजादा ने आत्मसमर्पण कर दिया ।

पांडे ने बताया आरोपियों के पास से तमंचा, चाकू, कारतूस सहित कई हथियार बरामद किये गये हैं। उन्होंने यह भी बताया कथित गो तस्करों के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से कई संगीन धाराओं में आपराधिक मामले दर्ज हैं ।

टीएमसी ने डेरेक ओब्रायन के निलंबन की आलोचना की, अमित शाह का इस्तीफा मांगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोलकाता/भाषा। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पार्टी के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओब्रायन को निलंबित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की बृहस्पतिवार को आलोचना की और संसद की सुरक्षा में चूक के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से तुरंत इस्तीफा देने की मांग की।

टीएमसी ने सरकार पर संसद की सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम रहने लेकिन सदन से विपक्षी सांसद को निलंबित कराने में सक्रिय रहने का आरोप लगाया। संसद पर आतंकी हमले की बरसी के दिन सुरक्षा में हुई चूक के मुद्दे पर चर्चा कराने की विपक्ष की मांग को लेकर हुए हंगामे के दौरान 'अमर्यादित आचरण' करने के लिए ओब्रायन को बृहस्पतिवार को मौजूदा संसद सत्र की शेष अवधि के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। विपक्षी सांसदों ने ओब्रायन के निलंबन पर अस्वीकृति जतायी और बुधवार को संसद में सुरक्षा चूक के लिए जिम्मेदार दो लोगों को प्रवेश की सुविधा देने वाले भाजपा सांसद के खिलाफ कार्रवाई न करने पर चिंता जतायी। टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, ''15 सांसदों को निलंबित किया गया जबकि घुसपैठियों को पास जारी करने वाले भाजपा सांसद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी। क्या यह न्याय है? गृह मंत्री को तुंरत इस्तीफा दे देना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संसद आना चाहिए और सदन के पटल पर बयान देना चाहिए।'' ओब्रायन के अलावा आज सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए लोकसभा के 14 सांसदों को भी निलंबित किया गया है। टीएमसी नेता ने कहा कि भाजपा संसद और सांसदों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम रही है तथा अब वे विपक्षी सांसदों को निलंबित कर ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं।

घोष ने कहा, ''एक सांसद को सवाल पूछने का पूरा अधिकार है भले ही वे असहज हों। भाजपा अपनी नाकामियों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।'' उन्होंने कहा, ''निलंबन और निष्कासन विपक्ष को धमकाने के लिए भाजपा सरकार के दो सशक्त हथियार बन गए हैं। हालांकि, ऐसी धमकियों का कोई नतीजा नहीं निकलेगा।'' बहरहाल, पश्चिम बंगाल में विपक्षी भाजपा ने इन आरोपों को निराधार बताया।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सामिक भट्टाचार्य ने कहा, ''टीएमसी ने अपनी हिंसक और भ्रष्ट नीतियों के जरिए राज्य की छवि बिगाड़ी है। दिल्ली में भी टीएमसी सांसद अपनी नौटंकी से राज्य की छवि बिगाड़ रहे हैं।''

आशा कर्मी से पोलियो की दवा की जगह जहर पिलाने का आरोप लगाकर मारपीट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नोएडा (उप्र)/भाषा। नोएडा के दादरी क्षेत्र में पोलियो की दवा पिलाने पहुंची एक आशा (सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) महिला के साथ एक युवक और उसके परिवार के सदस्यों ने यह आरोप लगाते हुए मारपीट की कि वह दवाई की जगह जहर पिला रही है।

दादरी थाने के प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि दादरी में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में काम करने वाली आशा कार्यकर्ता सविता शर्मा, विमला देवी, और ललिता बुधवार को कस्बा दादरी के मोहल्ला ठाकुरान में पोलियो की दवा पिला रही थी। उन्होंने बताया कि सविता छोटे बच्चों को पोलियो की दवा पिला रही थी, तभी एक युवक वहां पर आया तथा वह जहर पिलाने का आरोप लगाते हुए शोर मचाने लगा। शोर सुनकर उसके घर की महिलाएं बाहर आ गईं। उन लोगों ने सविता से बुरी तरह मारपीट की और अन्य दो आशा कर्मियों ने आसपास के लोगों से मदद मांगी।

सुजीत उपाध्याय ने बताया कि मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया। उन्होंने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अडाणी समूह बिहार में करेगा 8,700 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पटना/भाषा। अडाणी समूह ने बृहस्पतिवार को बिहार में सीमेंट विनिर्माण, लॉजिस्टिक और कृषि-उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में 8,700 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करने की घोषणा की।

पटना में बृहस्पतिवार को संपन्न दो दिन के वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 'बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023' के दौरान अडाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक प्रणव अडाणी ने कहा कि हमारा समूह बिहार में 850 करोड़ रुपये के निवेश के साथ पहले से काम कर रहा है। उन्होंने कहा, ''समूह ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में 8,700 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करने का फैसला किया है। इससे राज्य में लगभग दस हजार लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।' उन्होंने कहा कि बिहार अब देश में एक आकर्षक निवेश स्थल है। इस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद थे। प्रणव ने कहा कि अडाणी समूह पहले से ही बिहार में लॉजिस्टिक, गैस वितरण और कृषि-लॉजिस्टिक में निवेश किया है।

अपनी कंपनी के भविष्य के निवेश की योजना के बारे में जानकारी देते हुए प्रणव ने कहा, ''गोदाम या भंडारण क्षेत्र में उनकी कंपनी 1,200 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है, जिससे 2,000 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके तहत जिन जिलों को लिया जाएगा, उनमें पूर्णिया, बेगुसराय, दरभंगा, समस्तीपुर, किशनगंज और अररिया शामिल हैं।'' उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी गया और नालंदा में अपने शहरी गैस वितरण नेटवर्क को बढ़ाने के लिए 200 करोड़ रुपये आवंटित करेगी। प्रणव ने कहा, ''हम संपीड़ित बायोगैस (कम्प्रेस्ड बॉयोगैस) और ईवी चार्जर का उत्पादन शुरू करने की भी योजना बना रहे हैं। इससे राज्य में लगभग 1,500 लोगों के लिए रोजगार पैदा होंगे। अडाणी समूह बिहार में अडानी विल्मर को लाने पर भी विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी की 2,500 करोड़ रुपये की लागत से वारसलीगंज और महावल में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने योजना है। बिहार के मुख्यमंत्री ने शिखर सम्मेलन में 'बिहार लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2023' और 'कॉफी-टेबल बुक' (राज्य उद्योग विभाग की) का विमोचन किया। बिहार लॉजिस्टिक्स नीति-2023 के अनुसार, राज्य सरकार औद्योगिक और सामाजिक विकास के लिए राज्य में अंतरराष्ट्रीय मानक बुनियादी ढांचे और सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

खेलो इंडिया पैरा खेल

मनीष नरवाल को एयर पिस्टल में स्वर्ण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारत के शीर्ष पैरा निशानेबाज मनीष नरवाल ने गुरुवार को यहां खेलो इंडिया पैरा खेलों में पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1 वर्ग) स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

टोक्यो पैरालंपिक की पी4 मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच1 वर्ग का स्वर्ण पदक जीतने वाले 21 साल के नरवाल ने कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में 240.2 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। हाल में हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 वर्ग का कांस्य पदक जीतने वाले हरियाणा के नरवाल ने इससे पहले लिमा विश्व निशानेबाजी पैरा खेल चैंपियनशिप में 239.7 अंक जुटाकर स्वर्ण पदक जीता था लेकिन यहां वह इससे भी बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहे। हांगझोउ में 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 वर्ग में मनीष को पछाड़कर रजत पदक जीतने वाले रुद्रांश खंडेलवाल दूसरे स्थान पर रहे। तमिलनाडु की पावरलिफ्टर कस्तूरी राजामनी ने 67 किग्रा वर्ग में अपने तीसरे प्रयास में 100 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता।

एलीट 73 किग्रा वर्ग में गुजरात की रेशमा मोगिल 72 किग्रा वजन उठाकर शीर्ष पर रहीं। पुरुष 80 किग्रा वर्ग में पंजाब के गुरसेवक सिंह ने 162 किग्रा वजन उठाकर शुरुआत की। उन्होंने दूसरे प्रयास में 166 किग्रा और फिर तीसरे प्रयास में 171 किग्रा वर्ग उठाकर स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। केरल के अब्दुल सलाम (155 किग्रा) को रजत जबकि दिल्ली के हनी डबास (152 किग्रा) को कांस्य पदक मिला। कर्नाटक के संदेश बीजी ने एलीट 88 किग्रा वर्ग में 171 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। पैरा टेबल टेनिस में टोक्यो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता गुजरात की भाविना पटेल ने महिला क्लास-4 वर्ग में गुजरात की शमीम चावडा के खिलाफ अपने पहले मैच में 3-0 की आसान जीत दर्ज की। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की कांस्य पदक विजेता गुजरात की सोनल पटेल ने महिला क्लास 1-3 वर्ग के पहले मैच में तमिलनाडु की फातिमा बीवी को 3-0 से हराया।

सुविचार

जिंदगी में कुछ नेक काम ऐसे भी करने चाहिए, जिनका खुदा के सिवा, कोई दूसरा गवाह ना हो।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

संकल्प से सिद्धि

ट्रेंड फोरकास्टिंग कंपनी डब्ल्यूजीएसएन और इंस्टाग्राम का यह सर्वे उत्साहजनक है कि नई पीढ़ी नए साल में अपने स्वास्थ्य और खान-पान पर काफी ध्यान देना चाहती है। विशेष रूप से आयुर्वेद व शाकाहार की ओर, जिनका स्वस्थ तन और स्वस्थ मन से गहरा संबंध है। आज का युवा अपने करियर के अलावा स्वास्थ्य को लेकर भी सजग रहता है। सोशल मीडिया पर आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के विशेषज्ञों को हजारों-लाखों की तादाद में लोग फॉलो कर रहे हैं, जिनमें युवा फॉलोअर्स भी काफी हैं। कोरोना काल ने हमें अच्छे स्वास्थ्य का महत्त्व बहुत अच्छी तरह से समझा दिया है। उस दौरान लोग स्वास्थ्य की रक्षा के लिए बहुत सजग दिखाई देते थे, लेकिन इस साल, जब वायरस के प्रसार पर मजबूती से नियंत्रण पा लिया गया, स्वास्थ्य के संबंध में लापरवाही फिर नजर आने लगी है। ऐसे में, अगर युवा पीढ़ी स्वास्थ्य और अच्छी आदतों को प्राथमिकता देना चाहती है तो यह प्रशंसनीय है। न केवल युवा, बल्कि हर आयुवर्ग के लोगों को नए साल के लिए कुछ संकल्प जरूर लेने चाहिएं। इनमें से कुछ उनके निजी व पारिवारिक जीवन से संबंधित हो सकते हैं। इसके अलावा कुछ संकल्प राष्ट्र-निर्माण से संबंधित होने चाहिएं। निजी जीवन में यह संकल्प सबको लेना चाहिए कि अगर वे किसी तरह का नशा नहीं करते हैं तो भविष्य में भी उससे दूर रहेंगे; अगर किसी कारणवश पूर्व में ऐसे पदार्थों की आदत हो गई तो उनका सेवन करना छोड़ देंगे। इसके लिए एक जनवरी का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। आज और अभी से संकल्प का पालन शुरू कर दें। इस साल साइबर ठगों ने लोगों को झांसा देकर खूब चूना लगाया। 'ईजी मनी' के चक्कर में लोगों ने लाखों का घाटा उठाया। कोई सट्टे में बर्बाद हुआ तो किसी को जुआ और अन्य प्रलोभन ले डूबे। हर हफ्ते ऐसी खबरें पढ़ने को मिलीं, जिनमें इस बात का जिक्र था कि साइबर ठगों ने वर्क फ्रॉम होम, रेटिंग, वीडियो लाइक के नाम पर लोगों की जीवनभर की बचत हड़प ली। 'ईजी मनी' और अन्य प्रलोभनों से दूर रहने का संकल्प ऐसे नुकसान से बचा सकता है। कोई हुनर सीखने का भी संकल्प लें, जिससे धन अर्जित कर सकें।

नया साल भारत के लिए चुनावी साल भी है। अब लोकसभा चुनाव ज्यादा दूर नहीं हैं। चुनावी मौसम में विभिन्न पार्टियों के नेता आएंगे, तरह-तरह के वादे करेंगे। इस दौरान आरोप-प्रत्यारोप के शब्दबाण चलेंगे। हो सकता है कि कुछ नेता अपने सियासी फायदे के लिए ऐसे मुद्दे उछालने की कोशिश करें, जो सामाजिक सद्भाव की दृष्टि से उचित न हों। सोशल मीडिया तो फेक न्यूज के तड़के के साथ ऐसी बयानबाजी से पहले ही भरा पड़ा है। हम सबको यह संकल्प लेना है कि ऐसी सामग्री पर न तो विश्वास करेंगे, न उसका प्रसार करेंगे, और न ही किसी भड़काऊ बयानबाजी से देश की एकता पर आंच आने देंगे। पार्टियों व नेताओं को देखेंगे, परखेंगे। उनमें से जो राष्ट्रीय सुरक्षा, राजनीतिक स्थिरता, सांस्कृतिक गौरव, आर्थिक विकास, पारदर्शी शासन, खुशहाली, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार ... समेत विभिन्न मुद्दों की कसौटियों पर खरा उतरेगा, उसी को चुनेंगे। इस साल भारत ने डिजिटल पेमेंट में नए कीर्तिमान स्थापित किए। देशवासियों को यह संकल्प लेना चाहिए कि नए साल में जहां तक संभव होगा, नकदी का उपयोग कम से कम करेंगे। इसकी जगह डिजिटल पेमेंट को प्राथमिकता देंगे। भुगतान का यह स्वरूप भविष्य में हमारी अर्थव्यवस्था को और ताकतवर बनाएगा। हम ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। अब हमें शीर्ष तीन में शामिल होना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जरूरी है कि स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी को प्राथमिकता दें। आज जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, वायु प्रदूषण समेत कई समस्याएं गंभीर रूप लेती जा रही हैं। इनसे निपटने के लिए सबको तैयारी करनी होगी। अगर हम सब एक-एक छायादार या फलदार पौधा लगाने का संकल्प लें तो इससे पर्यावरण संरक्षण में बहुत मदद मिलेगी। हमें सौर ऊर्जा को अपनाना होगा। पेट्रोल-डीजल से चलने वाले वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की ओर जाना होगा। अगर कम दूरी की यात्रा के लिए साइकिल का उपयोग करें तो बेहतरीन है! हम ये संकल्प लेकर दृढ़ता से पालन करें, सिद्धि अवश्य मिलेगी।

ट्वीटर टॉक

भारतीय सेना के त्रिशक्ति कॉर्प्स के जवानों ने पूर्वी सिक्किम में भारी बर्फबारी और खराब मौसम के कारण फंसे 800 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाकर एक बार फिर अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है। इन जवानों पर हम सभी को गर्व है।

-दिया कुमारी

कल जो घटना हुई, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, आपने (लोकसभा अध्यक्ष) घटना की जांच के आदेश दिए हैं। पास देने के मामले में हम सभी सांसदों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इस प्रकार संसद में अराजकता की स्थिति पैदा करना उचित नहीं है।

-राजनाथ सिंह

संसद की सुरक्षा में हुई गंभीर चूक पर चर्चा की मांग करने पर कांग्रेस सांसदों का निलंबन अलोकतांत्रिक कृत्य है। आरोपियों को पास जारी करने वाले भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

-गोविंद सिंह डोटासरा

प्रेरक प्रसंग

सफलता

एक दिन कक्षा में अध्यापक ने बच्चों से अंकगणित के कुछ सवाल हल करने के लिए कहा। अब्राहम के पास अंकगणित की पुस्तक नहीं थी। कक्षा खत्म होने के बाद उन्होंने अपने सहपाठी से कहा, 'मुझे तुम्हारी मदद चाहिए।' सहपाठी हैरानी से बोला, 'मैं तुम्हारी क्या मदद कर सकता हूं?' लिंकन मुस्कराते हुए बोले, 'बस कुछ दिनों के लिए अपनी अंकगणित की पुस्तक घर के लिए उधार दे दो।' कुछ दिनों बाद अब्राहम ने सही-सलामत पुस्तक लौटा दी। पुस्तक वापस देखकर सहपाठी बोले, 'रख लो, क्या आगे जरूरत नहीं पड़ेगी।' अब्राहम बोले, 'बिल्कुल पड़ेगी मेरे दोस्त। लेकिन अब मेरे पास मेरी भी पुस्तक आ गई है।' सहपाठी हैरानी से बोला, 'अच्छा दिखाओ कहां है पुस्तक?' अब्राहम लिंकन ने झट से कागजों पर नकल की हुई सूई से सिली पुस्तक सहपाठी के आगे कर दी।' यह देखकर सहपाठी बोला, 'यह क्या अब्राहम? यह तुमने कब बनाई? इसे बनाने में तुमने दिन-रात एक कर दिया होगा।' अब्राहम बोले, 'हां यार, दिन-रात एक तो कर दिया, लेकिन तुमने मुझे इसे उधार देकर अपना ऋणी भी तो बना लिया।' यह सुनकर सहपाठी बोला, 'तुम जैसे विद्यार्थी पर एक नहीं अनेक पुस्तकें न्योछावर हैं। आज मैं यह कहता हूं कि आने वाले समय में तुम इतिहास रचोगे।

सामयिक

संसद धुआं कांड को कैसे देखें?

अवधेश कुमार

मोबाइल -9811027208

संसद के अंदर और बाहर की घटना ने पूरे देश को विस्मित किया है। संसद में लोकसभा के अंदर दो व्यक्तियों का कूदना, परिसर के बाहर नारा लगाना, पीली धुएं छोड़ना निश्चित रूप से संपूर्ण देश के लिए चिंता का विषय है। लोकसभा में दर्शक दीर्घा से कूदने वाले सागर शर्मा और मनोरंजन डी तथा बाहर परिवहन भवन के सामने नारा लगाने वाले अमोल शिंदे और नीलम सबके पास एक ही प्रकार का रंगीन स्प्रे था। हालांकि इन सबके बीच संबंध था और इस कारण तारतम्यता भी, लेकिन बाहर सड़क पर परिवहन भवन के सामने कोई भी खड़ा होगा, नारा लगाएगा या धुआं छोड़ सकता है। उसे सुरक्षा चूक नहीं कहा जा सकता क्योंकि वह खुली जगह है। अंदर की घटना को सुरक्षा चूक कहने में इसलिए हर्ज नहीं है क्योंकि सागर और मनोरंजन जूते में छुपा कर कलर स्मोक क्रैकर लेकर चले गए और हल्के पीले रंग की गैस छोड़ कर डर पैदा कर दिया। छह आरोपी बनाए गए हैं जिनमें से पांच पकड़े जा चुके हैं। केंद्रीय लोकसभा सचिवालय के अनुरोध पर गृह मंत्रालय ने घटना की जांच का आदेश दे दिया है। सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह की अध्यक्षता वाली जांच समिति में सुरक्षा एजेंसियों के सदस्य और विशेषज्ञ शामिल होंगे। तो अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले जांच रिपोर्ट की प्रतीक्षा करनी चाहिए। किंतु यह ऐसी घटना नहीं है जिसकी अनदेखी की जाए या जिसको हल्का मान लिया जाए। वास्तव में इसके कई पहलू है जिसकी गंभीरता से विवेचना होनी चाहिए। दुर्भाग्य से गंभीर मामलों को भी जब राजनीति का शिकार बनने की कोशिश होती है तो उसकी आवश्यक गंभीर विवेचना कम से कम आम लोगों के बीच उस तरह से नहीं हो पाती जैसी होनी चाहिए। संसद में आने जाने वाले जानते हैं कि वहां किस तरह की तीन स्तरीय और बाहर को मिला दें तो चार स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है। इन पर चर्चा आगे करेंगे, पहले घटना से जुड़े मुख्य पहलुओं को देखें। अमोल महाराष्ट्र के लातूर का और नीलम हरियाणा के जींद की रहने वाली है जबकि सागर उन्नाव का और मनोरंजन मैसूर का रहने वाला है। इन चारों में इतने संबंध कैसे हुए कि उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से समन्वित और सावधानीपूर्वक अपने कारनामों को अंजाम दिया। इनकी सुनियोजित होने का पता इससे भी चलता है कि नीलम द्वारा नारा लगाते और अमोल के धुआं छोड़ते एक व्यक्ति वीडियो बना रहा था। उसने उसे सोशल मीडिया पर अपलोड भी किया। उसका नाम ललित झा बताया गया है।

घटना पूरी तरह योजनाबद्ध थी इसीलिए जब दर्शक दीर्घा से सागर और मनोरंजन सत्ता पक्ष की ओर कूदता है उसी समय बाहर नीलम और अमोल नारा लगाते हुए आगे बढ़े और धुआं भी छोड़ा। और उनके साथ ललित झा नामक व्यक्ति वीडियो बना रहा था। समाचार आ रहा है कि यह छह पास चाहते थे लेकिन इन्हें दो ही मिल सका। अभी तक की जानकारी के अनुसार संसद आने से पहले यह सब गुरुग्राम में विक्रम के घर पर रुके थे। आजकल इंटरनेट और सोशल मीडिया के जमाने में एक दूसरे से संपर्क होना कठिन नहीं है। लेकिन यह सब एक दूसरे से इतनी जुड़ गए और इन्होंने इस तरह की योजना बना लिया और पूरा किया तो स्वाभाविक ही इसकी गहराई से जांच करनी होगी कि क्या सब कुछ इन्होंने ही किया या उनके पीछे और भी हैं ,जिनने भी किया उनका उद्देश्य क्या था? बेरोजगारी या तानाशाही आदि का नारा लगाने के लिए संसद से कूद कर भय पैदा करने की आवश्यकता नहीं थी। वैसे भी संसद हमले की वार्षिकी पर ऐसा करने वाला कोई सकारात्मक सोच का आंदोलनकारी नहीं हो सकता । 13 दिसंबर, 2001 को भीषण जिहादी आतंकवादी हमले ने पूरे देश को हिला दिया था। उच्चतम न्यायालय के फैसलों से साफ है कि उसकी षड्यंत्र पाकिस्तान में रचा गया था जिसके पीछे मसूद अजहर जैसा आतंकवादी संगठन था। भारत में भी जेहादी आतंकवाद की सोच से प्रभावित अफजल गुरु और उसके साथी इसमें संलिप थे। हालांकि दिल्ली विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर से एस आर गिलानी पर भी आरोप लगा किंतु वह पर्याप्त सबूतों के अभाव में रिहा हो गए। वह हमला संपूर्ण विश्व में जारी अंतरराष्ट्रीय इस्लामी आतंकवाद का एक अंग था। उसके पहले 11 सितंबर, 2001 को अमेरिका के न्यूयॉर्क एवं वाशिंगटन में वर्ल्ड ट्रेड टावर से लेकर पेंटागन पर हमले हो चुके थे और संपूर्ण दुनिया हिल हुई थी। अगर किसी को देश में बेरोजगारों के लिए महिलाओं के लिए आवाज उठानी है या वह बेहतर लोकतांत्रिक व्यवस्था चाहता है तो कम से कम आतंकवादी हमले के दिन से स्वयं को नहीं जोड़ेगा। यह देखना होगा कि उनके मस्तिष्क में ऐसी बात आई क्यों? जय भीम जय भारत के नारे का यहां अर्थ क्या है?

जैसा हम जानते हैं सदन के भीतर कोई दर्शक तभी जा सकता है जब किसी सांसद की सिफारिश हो। इसके लिए विजिटर फार्म होता है जिसमें पूरी जानकारी भरनी होती है और उसमें संसद को हस्ताक्षर करना होता है। संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही मजबूत है। प्रत्येक सत्र के पहले सुरक्षा एजेंसियां सुरक्षा समीक्षा करती है। तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है। परिसर के बाहर दिल्ली पुलिस का सुरक्षा प्रबंध है और अंदर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की जिम्मेवारी रहती है। मुख्य भवन की सुरक्षा पार्लियामेंट्री सिक्योरिटी सर्विस यानी संसद सुरक्षा सेवा के पास होती है। यह पूरे परिसर पर दृष्टि रखती है। यही नहीं परिसर में प्रवेश करने से पहले किसी भी विजिटर को कई चरणों की जांच से गुजरना पड़ता है। संसद के दोनों सदनों में दर्शकों के लिए दीर्घा है। कोई भी आम व्यक्ति सदन की कार्यवाही देख सकता है। पास बनाने के लिए संबंधित व्यक्ति को सांसद का सिफारिशी पत्र और आधार कार्ड या फिर कोई दूसरा पहचान पत्र देना होता है। बिना आधार कार्ड के विजिटर को प्रवेश नहीं दिया जाता। रिसेप्शन पर विजिटर की जांच की जाती है। सही पाए जाने पर फोटो पहचान पत्र बनता है। मोबाइल फोन भी रिसेप्शन पर ही रखवा लिया जाता है। वहां से लोकसभा में और दर्शक दीर्घा में जाने तक तीन जांच होती है। आप एक कलम तक अंदर नहीं ले जा सकते। पहले विजिटर को पास एक घंटे के लिए दिया जाता था लेकिन बाद में इसे घटाकर 45 मिनट कर दिया गया था। इन्होंने पहली पंक्ति में ही अपने लिए बैठने की व्यवस्था की। जब पीछे के दर्शकों का समय पूरा हुआ, वो जाने लगे तब इनमें से एक अंदर कूदा, दूसरा लटकाऔर फिर जो कुछ हुआ वह सब हमारे सामने आ चुका है। आखिर यह सोचने की बात है कि कई महीनो से मनोरंजन भाजपा के सांसद प्रताप सिम्हा के यहां ही पास के लिए क्यों दौड़ लगा रहा था? क्या यह साबित करना था कि भाजपा के संसद के पास से ही संसद के अंदर ऐसी घटना हुई? मनोरंजन के पिता दक्षिण मैसूर के सांसद प्रताप सिंह के परिचित हैं

पिछले कुछ समय में खासकर शाहीनबाग धरना के समय से कृषि कानून विरोधी धरना और फिर जंतर मंतर पर पहलवानों के धरने तक नरेंद्र मोदी सरकार के विरोधियों ने देश का वातावरण ऐसा बना दिया ऐसी भयानक मानसिकता भी निर्मित कर दी जिसमें बहुत बड़े समूह को ऐसा लगता है कि इस सरकार को किसी तरह बदनाम करना, कमजोर करना, लोगों के अंदर यह भाव फैलाना कि उनके कार्यकाल में देश असुरक्षित है आदि हमारा सर्वोपरि कार्य है। नीलम इन सभी धरनो में शामिल थी और उसके संपर्क उनके नेताओं से हैं तभी तो जींद में किसानों का एक बड़ा समूह पहुंच गया यह कहते हुए कि उसे रिहा किया जाए।

जरा सोचिए, वातावरण कितना विकृत है कि वैश्विक जेहादी आतंकवाद के हमले के दिन यह सब अपना तथाकथित विरोध प्रकट करने का दिन चुनते हैं। विपक्ष ने पहले दिन से ही नई संसद भवन को असुरक्षित और अनुपयुक्त साबित करने का अभियान चलाया है। धुआं कांड के बाद समूचे विपक्ष का स्वर एक ही है कि सारे सांसदों और यहां के कर्मचारियों की जिंदगी को असुरक्षित कर दिया गया है। अगर विपक्ष के लोग भी हमले की उसी आक्रामकता से निंदा करते जिस तरह सरकार की कर रहे हैं तो लगता कि वाकई इनके अंदर संसद भवन से लेकर अन्य तरह की सुरक्षा की चिंता है। पूरे घटनाक्रम को देखने के बाद निस्संदेह आने वाले समय में इसके पीछे का षड्यंत्र सामने आएगा। ऐसा माहौल न बना दिया जाए कि आम लोगों को दर्शक के रूप में भी संसद भवन को देखने के रास्ते बंद हो जाए। किसी एक घटना का तात्पर्य नहीं कि सारे दर्शक संदिग्ध ही होंगे। सुरक्षा मजबूत करिए और उसके साथ-साथ देश का वातावरण ऐसा बनाइए कि पक्ष और विपक्ष की लड़ाई लोकतांत्रिक सहमति और असहमति की हो नफरत और दुश्मनी की नहीं। नफरत और दुश्मनी की राजनीति से ही इस तरह की भयानक घटनाओं की पुनरावृति होती है।

मंथन

मुख्यमंत्री के लिए संघ की पसंद को मिली तरजीह

बाल मुकुन्द ओझा

मोबाइल : 9414441218

देश की हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री और सरकार के अन्य शीर्ष पदों पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पसंद के विधायकों के चयन की सियासत में बड़ी चर्चा हो रही है। भाजपा आलाकमान ने तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री के नाम पर जारी सस्पेंस को खत्म करते हुए तीन नए चेहरों को राज्यों की कमान सौंपी है। तीनों ही राज्यों में मुख्यमंत्री की रेस में पूर्व मुख्यमंत्रियों सहित अनेक दिग्गजों के नाम थे, लेकिन सभी को पछाड़कर ऐसे विधायकों को तरज़ीह दी गई जो संघ के नज़दीकी और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की भी पसंद थे। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के नये मुख्यमंत्री कई बार सांसद विधायक और मंत्री रह चुके है मगर राजस्थान के मुख्यमंत्री पहली बार के विधायक है। ऐसा कर भाजपा और संघ ने एक तीर से कई निशाने साधे है। पुरानी पीढ़ी के नेताओं को प्रदेशों की सियासत से दूर कर नए चेहरों पर अपना विश्वास व्यक्त किया है वहीं जातीय समीकरण भी साधे गए है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मोदी ने राजस्थान में ब्राह्मण, छत्तीसगढ़ में आदिवासी और मध्य प्रदेश में ओबीसी चेहरे का चुनाव आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए किया है। भाजपा आलाकमान ने अपने पूर्व मुख्यमंत्रियों को उनके कद के अनुरूप जिम्मेदार पदों पर समायोजित करने के संकेत दिए है। एक विशेष बात का यहां उल्लेख करना समीचीन होगा कि राजस्थान जैसे प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने संघ के शीर्ष लोगों को परेशान करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। संघ के कुछ पदाधिकारियों को भ्रष्टाचार में फंसाने का षड़यंत्र भी रचा गया जिसमें कांग्रेसी नेता सफल नहीं हुए। संघ के वरिष्ठ प्रचारक निम्बाराम इसका ज्वलंत उदहारण है। कांग्रेसी नेताओं ने संघ के बारे में आधारहीन बयान भी दिए। इससे संघ के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश था। संघ ने अनेक स्थानों पर अपने कार्यकर्ताओं को चुनावी मैदान में उतारकर उन्हें जिताने के लिए जी जान लगा दी। कांग्रेसी नेताओं के संघ पर लगाए आरोप उन्हीं पर भारी पड़े।

गौरतलब है राहुल गांधी को आधारहीन बयान पर सज़ा मिलने के बाद भी लगता है कांग्रेसी नेताओं ने कोई सबक नहीं सीखा है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सम्बन्ध में कांग्रेस नेता कुछ न कुछ विवादित बयान देते रहते है। राहुल गांधी पर तो कई केस अदालतों में पहले ही चल रहे है। उसी दिशा में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री दिग्विजय सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर हमला करने का कोई मौका नहीं चूकते। कई बार ये उनके लिए मुसीबत बन जाती है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर कुछ भी बोलना एक फैशन बन गया है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सरीखे कुछ नेता गाहे बगाहे संघ पर प्रतिबन्ध की मांग करते रहते है। कांग्रेस के कुछ नेताओं के अलावा असदुद्दीन ओवैसी सहित जेडीयू और आरजेडी के नेताओं ने भी आरएसएस को ज्यादा जहरीला संगठन करार दिया है। कल तक भाजपा के साथ मिलकर बिहार में सरकार चलाने वाले नेता भी अब संघ पर प्रतिबन्ध की मांग कर रहे है जो सियासी अवसरवादिता को दर्शाता है। ये नेता वापस फिर भाजपा के साथ हो जाये इसकी भी कोई गारंटी नहीं है।

नजरिया

मंदिर निर्माण से अयोध्या की अर्थव्यवस्था को लगेंगे पंख

प्रहलाद सबनानी

मोबाइल : 9987949940

अंततः वह घड़ी भी बहुत करीब आ पहुंची है, जिसका इंतजार हिंदू धर्मावलंबी पिछले लगभग 500 वर्षों से कर रहे हैं। 5 अगस्त 2020 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी ने पूजनीय संत मंडल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत के सानिध्य में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण की आधारशिला रखी थी। अब दिनांक 22 जनवरी 2024 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही पूज्य संत मंडल एवं मोहन भागवत की उपस्थिति में अयोध्या में नव निर्मित प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का उद्घाटन करने जा रहे हैं। भारत ही क्या बल्कि पूरे विश्व में ही हिंदू धर्मावलंबी अति उत्साहित हैं एवं पूरे भारत में वातावरण राममय होने जा रहा है।

अयोध्या में निर्माणरत श्रीराम मंदिर पूरे विश्व में निवासरत हिंदू धर्मावलम्बियों के लिए न केवल विशाल आस्था के एक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है बल्कि यह देश में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा और इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त लाभ होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। हाल ही में सम्पन्न दीपावली त्यौहार के शुभ अवसर पर अयोध्या में 22.23 लाख दिए जलाए गए थे, यह अपने आप में एक गिनीज विश्व रिकार्ड के रूप में माना जा रहा है। वर्तमान में 2.5 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या में पहुंचते हैं। प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो जाने के पश्चात पर्यटकों की यह संख्या 10 गुना तक बढ़ सकती है अर्थात 25 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या में आ सकते हैं। एक पर्यटक यदि अयोध्या में रहते हुए 2000 रुपए का खर्च भी करता है तो 50,000 करोड़ रुपए का व्यापार अकेले अयोध्या में प्रतिवर्ष होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। धार्मिक पर्यटन के साथ ही पूरे वर्ष भर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कई प्रकार के भव्य समारोह भी अयोध्या में आयोजित होने लगेंगे, इससे कुल मिलाकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि प्रतिवर्ष एक लाख करोड़ रुपए का व्यापार केवल अयोध्या में ही होने लगेगा। अयोध्या में होटल और रिजोर्ट का निर्माण करने हेतु 20 प्रस्ताव उत्तर प्रदेश सरकार को प्राप्त हो चुके हैं, इनमे कई फाइव स्टार होटल भी शामिल हैं। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय स्तर का आधारभूत ढांचा एवं अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी विकसित किया जा रहा है। अयोध्या रेल्वे स्टेशन को विकसित कर लिया गया है। उक्त वर्णित व्यवस्थाओं के विकसित होने के पश्चात अयोध्या में बढ़ने वाले धार्मिक पर्यटन से लाखों की संख्या में नए रोजगार के अवसर निर्मित होने जा रहे हैं।

प्रतिवर्ष लगभग 25 करोड़ पर्यटकों के अयोध्या पहुंचने से स्थानीय स्तर पर छोटे छोटे व्यवसायियों को भी अपार आर्थिक लाभ होगा। धर्मशाला, होटल, यातायात व्यवस्था, खाद्य सामग्री, फल, फूल आदि अन्य कई प्रकार के पदार्थों की मांग बढ़ेगी, जिसकी आपूर्ति बनाए रखने के लिए कई प्रकार के छोटे छोटे उद्योग धंधे भी अयोध्या के आस पास के गावों में विकसित होंगे। फल, सब्जी, फूल आदि पदार्थों की पैदावार भी ग्रामीण इलाकों में होने लगेगी जिससे इस क्षेत्र के किसानों को भी भरपूर लाभ होने लगेगा। अपने आप में अयोध्या आस्था के केंद्र के साथ साथ एक वाणिज्यिक केंद्र के रूप में भी विकसित होने जा रहा है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि प्रभु श्रीराम तो अपने मंदिर में बिराजेंगे ही, साथ ही इस क्षेत्र में निवास कर रहे नागरिकों को भी आर्थिक रूप से अत्यधिक लाभ होने जा रहा है। अयोध्या में पूरे विश्व से पर्यटकों के आने से उत्तरप्रदेश की अर्थव्यवस्था को तो जैसे पंख ही लग जाएंगे।

भारत में अयोध्या की तर्ज पर ही अन्य धार्मिक स्थल भी विकसित किए गए हैं। वाराणसी में काशी विश्वनाथ कोरिडोर विकसित किया जा चुका है। गुजरात में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया है। पावागढ़ गुजरात में ही मां कालका मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया है। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम प्रोजेक्ट पर भी कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उज्जैन में महाकाल कोरिडोर का निर्माण हुआ है। असम में माता कामाख्या कोरिडोर बन रहा है। पूरे भारत में ही धार्मिक स्थलों को विकसित कर देश में धार्मिक एवं क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। विशेष रूप से प्रभु श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या में केवल एक भव्य मंदिर बनाने की परिकल्पना नहीं की गई है बल्कि भव्य मंदिर के साथ साथ विशाल पुस्तकालय, संग्रहालय, अनुसंधान केंद्र, वेदपाठशाला, यज्ञशाला, सत्संग भवन, धर्मशाला, प्रदर्शनी, आदि को भी विकसित किया जा रहा है, ताकि आज की युवा पीढ़ी को प्रभु श्रीराम के काल पर अनुसंधान करने में आसानी हो। प्रभु श्रीराम के मंदिर को राष्ट्र मंदिर भी कहा जा रहा है क्योंकि यहां आने वाले हर व्यक्ति को यह मंदिर भारतीय सनातन संस्कृति की पहचान कराएगा। पूरे विश्व में यह मंदिर हिन्दू सनातन धर्म में आस्था रखने वाले लोगों के लिए आस्था का केंद्र बनने जा रहा है अतः यहां पूरे विश्व से सैलानियों का लगातार आना बना रहेगा। यह मंदिर पूरे विश्व में हिन्दू धर्मावलंबियों के लिए एक महत्वपूर्ण आस्था का केंद्र बनने के साथ साथ पर्यटन के एक विशेष केंद्र के रूप में भी विकसित होने जा रहा है, इसलिए प्रभु श्रीराम की कृपा से करोड़ों व्यक्तियों की मनोकामनाओं की पूर्ति के साथ साथ लाखों लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

महोत्सव

नई दिल्ली में केंद्रीय जनजातीय कार्य और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा गुरुवार को नई दिल्ली में आसियान-भारत बाजरा महोत्सव 2023 में शामिल हुए।

जी20 में अफ्रीकी संघ को शामिल किए जाने से संरा को सुधारों के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए : भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

संयुक्त राष्ट्र/भाषा। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कम्बोज ने कहा कि अपनी अध्यक्षता में जी20 के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ को शामिल करने की भारत की पहल सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे ''बहुत ज्यादा पुराने'' संयुक्त राष्ट्र को सुरक्षा परिषद को समकालीन बनाने के लिए प्रेरित होना चाहिए।

कम्बोज ने बुधवार को सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतरसरकारी वार्ता में कहा कि भारत की पहल पर अफ्रीकी संघ इस साल सितंबर में नई दिल्ली में हुए शिखर सम्मेलन में जी20 का स्थायी सदस्य बन गया। उन्होंने कहा कि जी20 में अफ्रीकी संघ को शामिल करने से यह सुनिश्चित हुआ है कि ''वैश्विक शासन और निर्णय निर्धारण के प्रभावशाली संस्थान में 'ग्लोबल साउथ' की महत्वपूर्ण आवाज जुड़े।''

'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है।

भारतीय राजदूत ने कहा, ''सुधार की दिशा में इस महत्वपूर्ण कदम से संयुक्त राष्ट्र को सुरक्षा परिषद को भी समकालीन बनाने के लिए प्रेरित होना चाहिए। व्यापक प्रतिनिधित्व आखिरकार, प्रभावशीलता और विश्वसनीयता दोनों के लिए एक शर्त है।'' उन्होंने कहा कि यह भारत का दृढ़ विश्वास है कि जी20 में अफ्रीका की पूर्ण भागीदारी से यह समूह सही मायने में अधिक प्रतिनिधित्व वाला और प्रासंगिक संस्थान बनेगा।

कम्बोज ने कहा कि सितंबर 2024 में होने वाला 'समिट ऑफ द फ्यूचर' संयुक्त राष्ट्र चार्टर के प्रति ''हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने और सुरक्षा परिषद समेत महासभा में सुधार पर केंद्रित चार्टर की समीक्षा'' का एक ''स्वर्णिम अवसर'' उपलब्ध कराता है। उन्होंने याद किया कि इस साल सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक उच्च स्तरीय सत्र के दौरान 85 से अधिक वैश्विक नेताओं ने महासभा से व्यापक और सार्थक सुधारों की मांग की।

गौरतलब है कि भारत सुरक्षा परिषद में सुधारों के लिए लंबे समय से किए जा रहे प्रयासों में अग्रणी रहा है।

परीक्षा

पटना में गुरुवार को चरण 2 बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र के बाहर लंबी कतार में इंतजार करते हुए।

अमेरिका के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं भारतीय अमेरिकी : भूटोरिया

फ्रेमॉन्ट (कैलिफोर्निया)/भाषा

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए एक साल से भी कम समय बचा है, ऐसे में भारतवंशी समुदाय के प्रतिष्ठित नेता और डेमोक्रेटिक पार्टी के धन संचयकर्ता अजय भूटोरिया का मानना है कि भारतीय अमेरिकी देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी की नेशनल फाइनेंस कमेटी के सदस्य अजय भूटोरिया ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा कि कई राज्यों में, भारतीय अमेरिकी 5 नवंबर, 2024 को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत के अंतर को प्रभावित कर सकते हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन के पहले कार्यकाल में उनके प्रचार अभियान के पहले दिन से शामिल रहे भूटोरिया ने कहा, ''यह चुनाव सबसे महत्वपूर्ण चुनावों में शामिल है।

एशियाई-अमेरिकियों, खासतौर पर दक्षिण एशियाई अमेरिकियों और भारतीय अमेरिकियों की इस चुनाव में ऐतिहासिक भूमिका हो सकती है।''

मारुति 800 के 40 साल : आम लोगों की कार जिसने बदल दी देश के वाहन क्षेत्र की तस्वीर

नई दिल्ली/भाषा

दक्षिण दिल्ली में मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के मुख्यालय के ब्रांड सेंटर में खड़े कई आधुनिक वाहनों के बीच 40 साल पुरानी एक छोटी सफेद कार की मोटर वाहन जगत में अपनी ही चमक है। यह कोई साधारण कार नहीं बल्कि लोकप्रिय 'मारुति 800' या एम800 मॉडल की पहली इकाई है। इसके बाजार में आने के बाद भारत में वाहन उद्योग में क्रांति आ गई। 'मारुति 800' को 14 दिसंबर, 1983 को जब पेश किया गया भारत तब भी लाइसेंस राज के अधीन था। एम800, 1991 में आर्थिक उदारीकरण का गवाह भी बनी। यह भारत के पुराने से नए दौर में प्रवेश तक के सफर की साक्षी रही। मारुति 800 को ''आम जन की कार'' कहा जाता है। इसने हिंदुस्तान मोटर की एंबैस्डर कार और प्रीमियर पद्मिनी के एकाधिकार को चुनौती देते हुए उस समय भारत के सुस्त पड़े यात्री वाहन बाजार में हलचल मचा दी थी। पेश किए जाने के कुछ ही समय में यह लाखों मध्यमवर्गीय भारतीय परिवारों की पहली पसंद बन गई।

हरपाल सिंह को 1983 इसकी पहली इकाई की चाबियां सौंपे जाने के बाद से एम800 के 1986-87 में संचयी रूप से एक लाख इकाइयों का उत्पादन किया।हरपाल सिंह ने 1983 में एक लकी ड्रॉ में इसे जीता था। उस समय बाज़ार में उपलब्ध अन्य उत्पादों की तुलना में सुजुकी कहीं बेहतर प्रौद्योगिकियों से लैस थी। 1992-93 में इसका संचयी उत्पादन रिकॉर्ड पांच लाख इकाई रहा। इसके बाद 1996-97 तक यह दोगुना होकर 10 लाख इकाई हो गया और 1999-2000 में 15 लाख इकाई का आंकड़ा पार कर गया। यह छोटी कार लगातार बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करती गई और एम800 का उत्पादन 2002-03 में 20 लाख इकाई और 2005-06 में 25 लाख इकाई के आंकड़े को पार कर गया। कंपनी ने 18 जनवरी, 2014 से एम800 का उत्पादन पूरी तरह से बंद कर दिया।

'नारी पुष्पा' की ब्रांड एंबेसडर बनीं शुभी शर्मा

मुंबई/वार्ता

जानीमानी अभिनेत्री शुभी शर्मा 'नारी पुष्पा' की ब्रांड एंबेसडर बन गयी हैं। आयुर्वेदिक उत्पादों के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी नारायण आयुर्वेद ने शुभी शर्मा को अपना ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया है। शुभी शर्मा नारायण आयुर्वेद की नई उत्पाद श्रृंखला 'नारी पुष्पा' की ब्रांड एंबेसडर होंगी। नारायण आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक अनिल सिंह ने कहा, हम शुभी शर्मा को नारायण आयुर्वेद का ब्रांड एंबेसडर बनाकर बहुत खुश हैं। शुभी शर्मा एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं और वे अपने व्यक्तित्व और छवि से नारायण आयुर्वेद की मूल्यों को बहुत अच्छी तरह से दर्शाती हैं। हम विश्वास करते हैं कि शुभी शर्मा नारायण आयुर्वेद की नई उत्पाद श्रृंखला 'नारी पुष्पा' को महिलाओं के बीच लोकप्रिय बनाने में हमारी मदद करेंगी।

शुभी शर्मा ने कहा, मैं नारायण आयुर्वेद की ब्रांड एंबेसडर बनकर बहुत खुश हूं। आयुर्वेद एक प्राचीन और प्रभावी चिकित्सा पद्धति है और मैं आयुर्वेद के प्रचार और प्रसार में अपनी भूमिका निभाना चाहती हूं। मुझे विश्वास है कि नारायण आयुर्वेद की नई उत्पाद श्रृंखला 'नारी पुष्पा' महिलाओं के स्वास्थ्य और सौंदर्य को बेहतर बनाने में मदद करेगी।

'राक्षस राजा' के अवतार में दिखे राणा दग्गुबाती

मुंबई/एजेन्सी

पैन-इंडिया स्टार राणा दग्गुबाती ने गुरुवार को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। उन्होंने आगामी प्रोजेक्ट 'राक्षस राजा' से अपने पहले कभी नहीं देखे गए अवतार का अनावरण करके अपने प्रशंसकों का मनोरंजन किया। कई भाषाओं में बहुमुखी भूमिकाएं निभाने के लिए प्रसिद्ध अभिनेता ने 'राक्षस राजा' के रूप में अपना नया अवतार पेश किया है, जिसमें वह बंदूक लहराते और माथे पर शिव का तिलक लगाए हुए हैं।

सोशल मीडिया पर 'कादान' अभिनेता ने अपनी फिल्म का पहला लुक साझा किया। पोस्टर में दग्गुबाती को रहस्य और शक्ति की आभा दिखाते हुए दिखाया गया है जिसने इंटरनेट पर हलचल मचा दी है। अपनी कला के प्रति समर्पण के लिए प्रसिद्ध अभिनेता ने रहस्यमय राक्षस राजा के सार को मूर्त रूप देते हुए चरित्र की गहराई में उतरना शुरू कर दिया है। पोस्टर के साथ, दग्गुबाती ने लिखा, राक्षस राजा का प्रारम्भ।'' एक बन्दूक के साथ आध्यात्मिकता के प्रतीक पारंपरिक तिलक का दिलचस्प संयोजन एक ऐसी कहानी की ओर संकेत करता है जो बहुआयामी विषयों पर आधारित हो सकती है।

राक्षस राजा अभिनेता की परिवर्तनकारी उपस्थिति और परियोजना की आशाजनक संभावनाओं को प्रदर्शित करता है। दग्गुबाती को 'बाहुबली', 'लीडर', 'ये जवानी है दीवानी', 'बेबी', 'हाउसफुल 4' और कई अन्य प्रोजेक्ट्स में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। उन्हें पिछली बार तेलुगु फिल्म 'स्पाई' में अर्जुन के रूप में देखा गया था। उनके पास अगला प्रोजेक्ट 'वेट्टैयन' भी है।

आचार्य महाश्रमण ने ड्रग्स से दूर रहने का संकल्प दिलाया

'अज्ञान और मोह के कारण व्यक्ति करता है गलत कार्य'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/दक्षिण भारत। अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी (अणुविभा) के तत्वावधान में संचालित नशामुक्ति अभियान 'एलीवेट: एक्सपीरियंस द रियल हाई' के तहत 11 दिसंबर को एसएनडीटी वीमेंस यूनिवर्सिटी, सांताक्रूज वेस्ट में विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें आचार्य महाश्रमणजी के सान्निध्य में देशभर के बुद्धिजीवी शामिल हुए। इस दौरान युवा पीढ़ी को ड्रग्स से बचाने के लिए चिंतन-मनन किया गया।

आचार्य महाश्रमणजी ने कहा कि अज्ञान और मोह के कारण व्यक्ति गलत कार्य करता है। अज्ञान एक बड़ा अभिशाप है। अज्ञान का पर्दा हट जाए और बात समझ में आ जाए तो वह गलत आचरण को छोड़ भी सकता है।

उन्होंने कहा कि पुलिस, प्रशासन, चिकित्सक समेत समाज के विभिन्न वर्गों का साथ मिले तो इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के साथ ही युवाओं को व्यसन से मुक्त कराया जा सकता है।

आचार्यजी ने कहा कि अणुव्रत आंदोलन शुरू होने का 75वां वर्ष चल रहा है। इसे अणुव्रत अमृत वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान अनेक कार्यक्रम निर्धारित हैं। आचार्यजी ने एनसीसी कैडेट्स को ड्रग्स से दूर रहने का संकल्प दिलाया। पांडाल में मौजूद अन्य लोगों ने भी यह संकल्प लिया।

साध्वी सम्बुद्धयशा ने कहा कि व्यक्ति के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण है कि वह अच्छा इंसान बने। नशामुक्त कार्यक्रम अच्छा इंसान बनाने का ही उपक्रम है। मुनि डॉ. अभिजीत कुमार ने यह कार्यक्रम सामाजिक और आध्यात्मिक समन्वय का एक विलक्षण अवसर है। प्रसिद्ध नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. विश्वनाथ बिल्ला ने मानव शरीर और मस्तिष्क की संरचना पर प्रकाश डाला। मनोविज्ञानी डॉ. अजहर हकीम ने नशामुक्त जीवन का आह्वान किया।

मेजर जनरल योगेंद्र सिंह ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ इस अभियान से जुड़कर बेहतर समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। यूनिवर्सिटी के डॉ. आशीष पंत ने कहा कि हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाएंगे।

फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग शुरू

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग शुरू हो गयी है। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज से पहले हाल ही में मेकर्स को लेकर काफी विवाद भी हुआ है, जिसके चलते 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग बीच में ही रोक दी गई थी।लेकिन अब इस फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू हो गई है। अक्षय कुमार ने इसका एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह फिल्म की अन्य स्टार कास्ट भी नजर आ रही है। अक्षय कुमार ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अक्षय कुमार के साथ लारा दत्ता, अरसद वारसी, दिशा पाटनी और फिल्म के अन्य कलाकार भी दिखाई दे रहे हैं।वीडियो में लारा शूटिंग के दौरान अक्षय और अरसद पर कोड़े बरसाती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो के कैप्शन पर अक्षय कुमार ने लिखा है,मजेदार और पागलपंती से भरी चीजों से भरपूर इस यात्रा के लिए आप सभी की शुभकामनाओं की हमें जरूरत पड़ेगी। वेलकम टू द जंगल की शूटिंग शुरू होते ही मस्ती का माहौल शुरू हो जाता है। 'वेलकम टू द जंगल' क्रिसमस के मौके पर 20 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

कहानी कहने का ऑडियो फॉर्मेट बोझिल और चुनौतीपूर्ण : मसाबा

मुंबई/एजेन्सी

मार्वल की 'वेस्टलैंडर्स : ब्लैक विडो' में लिसा कार्टराईट को अपनी आवाज देने वाली मशहूर फैशन डिजाइनर और अभिनेत्री मसाबा गुप्ता ने कहानी कहने के ऑडियो फॉर्मेट पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि यह बहुत अधिक बोझिल और चुनौतीपूर्ण है। हिंदी ऑडिबल ऑरिजिनल पॉडकास्ट सीरीज 'मार्वल्स वेस्टलैंडर्स : ब्लैक विडो' में ब्लैक विडो/हेलेन ब्लैक की आवाज के रूप में करीना कपूर खान, लिसा कार्टराईट के रूप में मसाबा, जॉर्डन टेम्पल के रूप में विहान समत, येलेना बेलोवा के रूप में अदा शर्मा, जूडी क्रेटज के रूप में नीतू चंद्रा और के.आई.एम के रूप में अदिति भाटिया शामिल हैं।

मसाबा ने कहा कि उन्हें यह माध्यम दिलचस्प लगा क्योंकि उनका ऑडियो आम तौर पर किसी वीडियो प्रारूप का अनुसरण करता है। मसाबा ने कहा, ''यह नया था क्योंकि आप ऑडियो के माध्यम से दुनिया का निर्माण कर रहे हैं। यह बहुत अधिक कठिन और चुनौतीपूर्ण है क्योंकि ऐसा नहीं है कि लोग किसी चीज को समझने के लिए दृश्य का सहारा ले सकते हैं। मुझे यह चुनौतीपूर्ण भी लगा क्योंकि इसमें कोई संदर्भ नहीं था। मुझे यह बहुत दिलचस्प लगता है। यह मेरे लिए आश्चर्य की बात है लेकिन मैं कहानी कहने की इस नई पीढ़ी और नई परत के खुलने के लिए उत्साहित हूं।'' करीना के साथ काम करने पर 'एमटीवी सुपरमॉडल ऑफ द ईयर' के जज ने कहा, यदि आप एक ही कहानी में हैं तो आपको एक ही लाइन पर चलना होगा। मेरा मतलब है कि जब आप विशेष रूप से आवाज रिकॉर्ड कर रहे हों तो ही ऐसा हो सकता है। चाहे मैं अलग-अलग बैंडविड्थ पर बोल रही हूं और वह अलग-अलग बैंडविड्थ पर बोल रही हो, भले ही हमारे किरदार अलग-अलग हों, हमें उसका मिलान करना होगा। उन्होंने कहा, दिलचस्प बात यह है कि यह काम कर गया। इस प्रोजेक्ट के लिए हां कहने का मेरा बड़ा कारण यह था कि करीना ब्लैक विडो का किरदार निभा रही हैं। मसाबा को पिछली बार 'मॉडर्न लव : मुंबई' में देखा गया था।

जनवरी में रिलीज होगी फिल्म 'किलर सूप'

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म किलर सूप 11 जनवरी को रिलीज होगी। मनोज बाजपेयी स्टारर फिल्म 'किलर सूप' सस्पेंस थ्रिलर है। मनोज वाजपेयी ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर 'किलर सूप' का एक लेटेस्ट पोस्टर शेयर करते हुए रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी है।

ट्वीट में मनोज वाजपेयी ने लिखा है,इस फिल्म की कहानी बेहद विचित्र है, जिस पर भरोसा करने के लिए आपको इसे पूरा देखना होगा। मेरी और कोंकणा सेन शर्मा की फिल्म किलर सूप 11 जनवरी को 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज की जाएगी।

RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

जीतो लेडीज़ विंग साउथ द्वारा फाइनेंशियल लिट्रेसी के अंतर्गत 'छोटा पॉकेट बड़ा धमाका' कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को जीतो कार्यालय में किया गया। इसमे 100 सदस्याओं की उपस्थिति थी।

तैयारी

बेंगलूरु में नेशनल कंज्यूमर फेयर द्वारा यूबी सिटी के पास सेंट जोसेफ स्कूल ग्राउन्ड में होने जा रही 48वीं केक प्रदर्शनी की तैयारियां इन दिनों जोरों से चल रही है। यहां छत्रपति शिवाजी महाराज की विशाल प्रतिमा केक से बनाई गई है वहीं माता रानी की एक सुन्दर प्रतिमा भी केक से बनाई गई है। यह प्रदर्शनी 16 दिसम्बर से 2 जनवरी तक लोगों के दर्शनार्थ होगी। सुबह 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में विभिन्न आकार प्रकार के केक देखने को मिलेंगे।

कांग्रेस के रात्रिभोज में शामिल होने पर पार्टी के तीन विधायकों से स्पष्टीकरण मांगेगी भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने यहां कांग्रेस द्वारा आयोजित एक रात्रिभोज में अपनी पार्टी के तीन विधायकों के भाग लेने को बृहस्पतिवार को 'गंभीर विषय' बताया और कहा कि वह उनसे स्पष्टीकरण मांगेंगे। कांग्रेस ने विधायक दल की बैठक के बाद रात्रिभोज का आयोजन किया था।

इस मुद्दे पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने कहा कि भाजपा विधायकों ने किसी बैठक में भाग नहीं लिया, बल्कि उनके निमंत्रण पर बुधवार रात केवल रात्रिभोज में भाग लिया। इन तीन विधायकों में एस टी सोमशेखर और शिवराम हेब्बार तथा विधान परिषद सदस्य एच. विश्वनाथ शामिल हैं।

घटनाक्रम से इन अटकलों को बल मिला है कि प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके भाजपा के संबंधित तीनों विधायक 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल होने पर विचार कर सकते हैं। इस साल मई में भाजपा के विधानसभा चुनाव हारने के बाद से ही उन्होंने पार्टी और इसके आंतरिक मामलों से अपने मोहभंग की बात को नहीं छिपाया है।

ये तीनों नेता कांग्रेस और जद (एस) के उन 17 विधायकों में शामिल थे, जो 2019 में भाजपा में शामिल हो गए थे, जिसके कारण

एच डी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई थी और भाजपा के सत्ता में आने का मार्ग प्रशस्त हुआ था। सोमशेखर और हेब्बार पिछली भाजपा सरकार में मंत्री थे। सोमशेखर और हेब्बार कांग्रेस से भाजपा में शामिल हो गए थे। मूल रूप से कांग्रेस नेता विश्वनाथ जद (एस) में थे और प्रदेश इकाई के अध्यक्ष थे। उन्होंने 2019 में भाजपा का दामन थाना था। विजयेंद्र ने यहां पत्रकारों से कहा, मुझे सुबह इस बारे में सूचना मिली। मैं उनसे आज ही बात करूंगा, मैं उनसे पूछूंगा कि उनके इरादे क्या हैं...यह गंभीर विषय है, मैं आज ही उनसे चर्चा करूंगा। शिवकुमार ने कहा, 'मैंने अलग से एक रात्रिभोज का आयोजन किया था, जिसके लिए अन्य दलों के नेताओं को भी न्योता दिया गया था, इसलिए वे (सोमशेखर, हेब्बार), विश्वनाथ और अन्य समेत करीब 10 लोग आए थे।'

यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, वे कांग्रेस विधायक दल की बैठक में क्यों आएंगे? वे हमारी पार्टी के विधायक नहीं हैं। वे विधायक दल की बैठक में नहीं आए थे, वे केवल रात्रिभोज के लिए आए थे। विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि वह सोमशेखर से बात करेंगे, क्योंकि पिछले दो-तीन महीनों में विधायक के संबंध में कुछ जानकारी मिली है। उन्होंने कहा, 'सोमशेखर ने मुझे बताया कि उन्हें रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया गया था और वह वहां गए थे, इसलिए मुझे नहीं लगता कि उन्होंने किसी भी चीज का उल्लंघन किया है। मैं उनसे बात करूंगा।' अशोक ने कहा कि उन्होंने कल सरकार के खिलाफ पार्टी द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया था। सत्र के दौरान ऐसे कई निमंत्रण होंगे, इसलिए वह रात्रिभोज में गए होंगे। उन्होंने कहा, 'लेकिन, मैं उन्हें फोन करूंगा और उनसे बात करूंगा।'

जीतो महिलाओं ने 'छोटा पैकेट-बड़ा धमाका' कार्यक्रम में सीखे निवेश के गुण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो लेडीज़ विंग साउथ द्वारा फाइनेंशियल लिट्रेसी के अंतर्गत 'छोटा पैकेट बड़ा धमाका' कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को जीतो कार्यालय में किया गया। इसमे 100 सदस्याओं की उपस्थिति थी। जीतो लेडीज़ विंग चेयरपर्सन सुनीता गांधी की ओर से सभी सदस्याओं का स्वागत किया। जीतो लेडीज़ विंग उपाध्यक्ष बबिता रायसोनी ने सभी सदस्याओं से कहा कि हम सभी के पास पैसा होता है परंतु उसे कैसे बढ़ाया जा सकता है, वह सभी गुण सीखना आवश्यक है। जीतो लेडीज विंग महामंत्री मोनिका पिरगल ने कहा कि वर्ष के अंतिम चरण में, मार्च के पहले निवेश की ओर ध्यान देना जरूरी होता है। जब हम सोये तब हमारा पैसे हमारे लिए काम करे.... इस लक्ष्य की ओर सोचे और पैसे को काम पर लगाए। महिलाओं को अपने बिजनेस नेटवर्किंग हेतु इससे जुड़ना चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्रीकांत मातृबाई ने सभी सदस्याओं को पैसे बढ़ाने के गुर सिखाते हुआ कहा कि जिस प्रकार बांस का पेड़ थोड़े थोड़े पानी से अपनी जडें मज़बूत करके विकसित होता है, उसी प्रकार से थोड़े-थोड़े निवेश से बड़ी रिटर्न्स मिल सकते हैं। बड़े खर्चों के साथ छोटे खर्चों पर भी ध्यान देना चाहिए और प्लानिंग से काम करना चाहिए। आय को स्थापित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में निवेश किया जाना चाहिए। महंगाई से ज्यादा हमारी आय होना आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न उत्पादों में निवेश करने पर उसे आने वाले रिटर्न लाभ की जानकारी दी। उन्होंने एफडी, स्टॉक मार्केट, एसआईपी, टैक्स सलाह व रिटायरमेंट प्लानिंग पर जानकारी दी।कार्यक्रम संयोजक इंदु खिवेसरा ने श्रीकांत मातृबाई का परिचय दिया तथा सह संयोजक दीपमाला ने धन्यवाद दिया। सहमंत्री व प्रोजेक्ट हेड नीलम ललवानी ने सभी सदस्याओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा की हमें इस कार्यक्रम से सीख लेकर कुछ कर दिखाना है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रभा गुलेछा, सहमंत्री संगीता पारख, सदस्य निधि पालरेचा, प्रिया गांधी, रेखा जैन, लता बोहरा, ललिता नागोरी, पुष्पा गुलेछा आदि उपस्थित रहीं।

पाठ्य सामग्री वितरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

बेंगलूरु के मारुतिनगर स्थित गजापडे गलियारा बलिगा द्वारा कर्नाटक राज्योत्सव मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत एवं पूर्व पार्षद एच रविंद्र ने ध्वजारोहणकर मां भुवनेश्वरी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। मुणोत ने इस मौके पर जरूरतमंद बच्चों में शिक्षण सामग्री वितरित की।

उत्तर कर्नाटक विकास पर विधायकों के विभिन्न सुझाव सुझाए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सुवर्ण विधान सौधा/बेलगावी। उत्तरी कर्नाटक के विकास पर विधानसभा में 14 दिसंबर को भी चर्चा जारी रही। इस चर्चा में उत्तरी कर्नाटक के विभिन्न जिलों के विधायकों ने भाग लिया और कई सुझाव दिये। आलंद विधायक बीआर पाटिल ने कहा कि आज भूजल का दुरुपयोग बढ़ रहा है। पानी एक वस्तु बनता जा रहा है। पानी के लिए शहर-दर-शहर भटकना एक दुर्दशा है। इसलिए उन्होंने भविष्य में राज्य में भूजल संरक्षण के लिए केंद्र सरकार की तर्ज पर भूजल उपयोग नियंत्रण अधिनियम लागू कर समस्या के समाधान के लिए कदम उठाने की सलाह दी। राज्य में इस समय भयंकर सूखा है और गर्मियों में पानी की भीषण समस्या होगी। इसलिए राज्य के जलाशयों में पानी केवल पीने के लिए ही रखा जाना चाहिए। उन्होंने भूजल विकास के लिए महाराष्ट्र में लागू सिरपुर मॉडल परियोजना को लागू करने की भी सलाह दी। चूँकि उत्तरी कर्नाटक राज्य की राजधानी से बहुत दूर है, विधायक और आम लोग कई अवसरों से वंचित हैं क्योंकि वे अपने काम के लिए बेंगलूरु की यात्रा करने में असमर्थ हैं। बेंगलूरु में हमें सुविधाएं नहीं मिल रही हैं क्योंकि हमारे अधिकारी और कर्मचारी मंत्रालयों और निदेशालयों में उपलब्ध नहीं हैं। इसके लिए उन्होंने सुझाव दिया कि इन दोनों कार्यालयों में रिजर्व सुविधा के आधार पर उत्तरी कर्नाटक और कल्याण कर्नाटक के कर्मचारी-अधिकारियों की भर्ती की जानी चाहिए।

कृष्णा अपर बैंक परियोजना को पर्याप्त रूप से कार्यान्वित किया जाना चाहिए। गोदावरी, अमरजा, बटरटोरा, भीमा सिंचाई योजनाओं से किसानों को पर्याप्त पानी मिले। सरकार को इस पर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े प्रोजेक्ट की जगह छोटे प्रोजेक्ट लेना ज्यादा फायदेमंद रहेगा। उन्होंने कहा कि कावेरी लावारिस जल की तरह कृष्णा कोल्ला की सिंचाई योजना पर भी चर्चा होनी चाहिए।

बीदर से बेंगलूरु तक सुगम यात्रा के लिए एक राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया जाना चाहिए। राज्य के अन्य हिस्सों में मांग के अनुरूप दिए जाने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-स्कूल-कॉलेज और विश्वविद्यालय हमारे हिस्से में भी दिए जाएं। उन्होंने सुझाव दिया कि कलबुर्गी के तोगारी (दलहन) बोर्ड को सशक्त बनाया जाना चाहिए।

कलबुर्गी विधायक अल्लामा प्रभु पाटिल ने कहा कि सिंचाई से वंचित कलबुर्गी जिले को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जानी चाहिए। राज्य सरकार को महाराष्ट्र सरकार से बात करनी चाहिए और भीमा नदी का पानी हमें उपलब्ध कराना चाहिए।

पेयजल की समस्या से बचने के लिए बटरटोरा नदी से झीलों को भरने के लिए 140 करोड़ रुपये की परियोजना क्रियान्वित की जानी चाहिए। मैसूरु हिस्से की तरह हमारे हिस्से में भी शिक्षकों की नियुक्ति की जाये। उन्होंने सरकार को विद्युत, गन्ना उत्पादकों और दलहन उत्पादकों की समस्याओं का समाधान करने और दलहन बोर्ड को मजबूत करने और नई किस्मों पर शोध करने की सलाह दी।

जीवन के आचरण में सरलता बिना धर्म की प्राप्ति नहीं होती है : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चित्रदुर्गा। बेंगलूरु से चित्रदुर्गा पहुंची साध्वीश्री भव्यगुणाश्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन के आचरण में सरलता बिना धर्म की प्राप्ति नहीं होती है।

महापुरुषों के सान्निध्य में अनेक पाप कर्म करने वाले व्यक्ति भी पाप कर्म का त्याग कर धर्म के सरल मार्ग की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हुए हैं। पूरे देश में जैन संतों की प्रेरणा से कई जैनेत्तर समाज के लोगों ने भी जैन उपदेशों को जीवन में आत्मसात कर अपनी आत्मा के कल्याण का मार्ग स्वीकार

कर लिया है। इससे जीव दया बढ़ी है और पाप कर्म कम हुआ है।

साध्वी शीतलगुणाश्रीजी ने कहा कि सम्यक दर्शन को प्राप्त किए बिना आत्मा का कल्याण नहीं हो सकता है।

राग द्वेष को जीतने वाले को इंद्र देवता भी नमन करते हैं, इसलिए राग द्वेष को जीतकर शांति के साथ जीवन व्यतीत करना चाहिए, तभी आत्मा का कल्याण हो सकता है। जीवन में आत्मा का कल्याण करना है तो सत्य अहिंसा दया अपरिग्रह के सिद्धांतों को समझना होगा, संसार छोड़ने योग्य है।

संयम जीवन ग्रहण करने योग्य है इससे हमें समझना होगा। धर्म तत्वों को समझे बिना मोक्ष मार्ग नहीं मिलता है। हम जितने सरल होंगे तभी हमारा कल्याण होगा। जिस प्रकार लकड़ी का स्वभाव हल्का होता है वह पानी पर तैरती है। पत्थर का स्वभाव भारी होता है, वह डूबता है। पुण्य और अच्छे विचार रखेंगे तो ऊपर उठेंगे। पारस भंसाली ने बताया कि साध्वीवृंद चित्रदुर्ग से दावणगेरे की ओर विहार करेगी।

संयम जीवन का अनूठा उदाहरण पेश किया साध्वी जयश्री ने

स्मृति सभा में श्रद्धालुओं ने दी श्रद्धांजलि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के अलसूर स्थित श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में एवं महासतीजी स्वर्णप्रभाजी म.सा. के सान्निध्य में बुधवार को दिवंगत हुए साध्वीश्री जयश्रीजी म.सा. को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अलसूर श्रावक संघ के मंत्री अभय कुमार बांठिया ने दिवंगत साध्वी जी का परिचय देते हुए बताया कि साध्वीश्री जयश्री का जन्म बेंगलूरु में ही हुआ था और शादी की प्रथम रात्रि में ही नवदम्पति ने वैराग्य का संकल्प ले कर आचार्यश्री नानालालजी के पास उभरती युवा अवस्था में दोनों ने संयम अंगीकार कर महासती जयश्रीजी और धर्मेशमुनिजी कहलाए। महासतीश्री जयश्रीजी ने सतावन वर्ष संयम का पालन किया। इस दौरान वर्ष 1986 में अलसूर में एक चातुर्मास के अलावा बेंगलूरु में और कुल दो चातुर्मास किये थे। बांठिया ने कहा कि दिवंगत साध्वीजी ने शुद्ध संयम का पालन करते हुए आगम का गहन ज्ञानार्जन किया। बुधवार सुबह उनका स्वास्थ नरम देखते हुए जयपुर में जैन स्थानक में आजीवन संथारा कराया गया जो सायं चार बजे संपन्न हुआ और वयोवृद्ध साध्वी जी का समाधि मरण हो गया ।

इस से पूर्व महासती श्री स्वर्णप्रभाजी म.सा. ने कहा कि हम महापुरुषों के जीवन से सीखें और भविष्य की तैयारी अभी से करें। कल का भरोसा नहीं है किन्तु काल निश्चित हैं। हम पाप से डरे और बचे। हमें पछताना न पड़े इसलिए अभी से पुरुषार्थ करें और मनुष्य जीवन को सार्थक करें।

क्रोध अशांति का जनक व आध्यात्मिक दोष है : मुनि दीपकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

होसकोटे। बेंगलूरु के होसकोटे पहुंचे मुनिश्री दीपकुमारजी आठ दिवसीय प्रवास पर शहर में धोका निवास पर विराजमान है। मुनिश्री ने गोखरू भवन में प्रवचन देते हुए कहा कि क्रोध अशांति का जनक है। क्रोध एक आध्यात्मिक दोष है। आत्मा को दूषित करता है, संताप, पाप को उत्पन्न करता है। क्रोध से शारीरिक हानि भी बहुत होती है। उच्च रक्तचाप हो जाता है, ब्रेन हेमरेज हो सकता है, हार्ट अटैक हो सकता है। क्रोध रक्त को विषैला बनाता है। पारिवारिक, सामाजिक

कलह, संघर्ष, वैमनस्य का कारण क्रोध बन सकता है। मुनिश्री ने आगे कहा कि क्रोध जीवन का माइनस है। क्रोध से बच्चों का कैरियर चौपट हो जाता है। मुनिश्री ने क्रोध विजय के उपायों की भी चर्चा की। मुनिश्री काव्यकुमारजी ने कहा कि क्रोध प्रेम का नाश करता है। क्रोध करने से सुख-दुःख की ओर अग्रसर हो जाता है।

मंगलूरु हवाई अड्डे पर 60 लाख रुपये मूल्य का सोना जब्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु। सीमा शुल्क अधिकारियों ने दुबई से 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' की उड़ान से मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे तीन यात्रियों के पास से 60,07,800 रुपये मूल्य का 969 ग्राम सोना जब्त किया। सीमा शुल्क विभाग ने बृहस्पतिवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि यह जब्ती 11 दिसंबर को की गई थी।

इसमें कहा गया है कि पीले रंग के पेस्ट के रूप में जब्त किया गया सोना, दो यात्रियों द्वारा पहने गए जूतों के तल के भीतर छिपाया गया था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि एक अन्य यात्री ने चॉकलेट बॉक्स और बेडस्प्रेड पैकेट के भीतर सोना छिपा कर रखा था।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com